RNI NO: BIHHIN/2011/37810

वर्ष : 16
अंक : 257
सोमवार 07 सितम्बर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

लोकल सत्ता

Local Satta

बेतिया से प्रकाशित....

खबर वही जो असर दिखाये

www. localsatta.com



दिल्ली बिल्डिंग हादसे में तीन की मौत

मलबे में 40 छात्रों के दबे होने का दावा; एनडीआरएफ, पुलिस और फायर ब्रिगेड बचाव कार्य में जुटे।

10-15 छात्रों का रेस्क्यू

डूसू अध्यक्ष आर्यन मान ने बताया कि मौके पर 15-20 छात्र मौजूद थे, जिनमें से 10 से 15 छात्रों को रेस्क्यू कर तुरंत अस्पताल भेज दिया गया है। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

हादसे पर गरमाई राजनीति

इस त्रासदी के बाद दिल्ली की राजनीति भी पूरी तरह से गरमा गई है। विपक्ष ने एमसीडी और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आप नेता आतिशी ने इस घटना को बेहद विचलित करने वाला बताते हुए सरकार से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।





मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ, डीडीएमए, दमकल विभाग, दिल्ली पुलिस, एमसीडी और सिविल डिफेंस की टीमें पूरे समन्वय के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं और लोगों को सुरक्षित निकालना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मलबे से आ रही आवाजें

स्थानीय बीजेपी विधायक अनिल शर्मा ने मौके का जायजा लेते हुए इसे हृदयविदारक बताया। उन्होंने चिंताजनक जानकारी दी कि कुछ छात्र मलबे के अंदर से फोन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सटीक संख्या बताना मुश्किल है, लेकिन छात्र अंदर फंसे हुए हैं। सरकार पूरी तरह से गंभीर है और हमारी प्राथमिकता उन्हें सुरक्षित बाहर निकालना है।

लोकल सत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मोती बाग स्थित सत्य निकेतन इलाके में एक चार मंजिला इमारत ढहने से बड़ा हादसा हो गया है। यह इमारत दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक पीजी (पेइंग गेस्ट) के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी, जिसके मलबे में कई छात्रों के दबे होने की आशंका है। एक तरफ जहां मलबे में दबी जिंदगियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर 'ऑपरेशन जिंदगी' चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इस दर्दनाक हादसे पर राजनीतिक घमासान भी शुरू हो गया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने सिस्टम की नाकामी और भ्रष्टाचार को लेकर तीखा हमला बोला है।

एमसीडी पर करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एमसीडी के बिल्डिंग विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वहां एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के तबादले का रेट 1.25 करोड़ रुपये है। उन्होंने दावा किया कि ऐसे भ्रष्टाचार के रहते हादसों का रुकना नामुमकिन है। साथ ही आशंका जताई कि अब ऑडिट के नाम पर व्यापारियों, जिम और अस्पतालों से करोड़ों की वसूली की जाएगी।

चुनाव से बड़ा है यह मुद्दा

कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि दिल्ली में लगातार इमारतों का गिरना चुनाव से कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस तरह से बच्चे यहां अपनी जान गंवा रहे हैं, वह सिस्टम की बड़ी नाकामी है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवारों को तुरंत सहायता देने की मांग की।

फिलहाल, घटनास्थल पर जेसीबी मशीनें और रेस्क्यू टीमें लगातार काम कर रही हैं। प्रशासन का पूरा ध्यान मलबे में फंसे बाकी लोगों को जल्द से जल्द और सुरक्षित बाहर निकालने पर केंद्रित है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया है। जैसे ही कमेटी की रिपोर्ट आएगी, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



मकान मालिक पर एक्शन

सांसद ने जानकारी दी कि इमारत के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और संभवतः उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

इमारत थी पुरानी

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह इमारत आज या कल में नहीं बनी थी, बल्कि काफी पुरानी थी। बिधूड़ी ने कहा, "हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि मलबे में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाए। कुछ लोग घायल हुए हैं, उनके भी हम जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह ऐसे सख्त से सख्त इंतजाम करे जिससे भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हों।

सच का सामना
संपादकीय दृष्टि



शिक्षा कोरी नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति का माध्यम बने

शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि भारत की शिक्षा-दृष्टि, शिक्षक की भूमिका और भावी पीढ़ी के निर्माण पर गंभीर आत्ममंथन का दिन है। किसी राष्ट्र का भविष्य केवल उसके विद्यालयों की संख्या, भवनों की भव्यता, पुस्तकों की उपलब्धता या परीक्षाओं के परिणामों से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इस बात से तय होता है कि उसके विद्यालयों से निकलने वाला मनुष्य कितना ज्ञानवान, विवेकशील, संवेदनशील, चरित्रवान और उत्तरदायी है। इसलिए आज देश में केवल शिक्षा क्रांति की नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति की भी आवश्यकता है। यदि शिक्षा का स्वरूप बदलना है तो शिक्षा देने वाले व्यक्ति की चेतना, दृष्टि और कार्यशैली में भी परिवर्तन लाना होगा। पूरे देश में समान गुणवत्ता वाली शिक्षा की दिशा में प्रयास तभी सफल होंगे, जब प्रत्येक बच्चे को समान अवसर के साथ योग्य, संस्कारवान और प्रतिबद्ध शिक्षक मिलें। भारत की परंपरा में शिक्षा का अर्थ कभी केवल सूचना और रोजगार प्राप्त करना नहीं रहा। हमारी ज्ञान-परंपरा में गुरु वह था जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता था। तमसो मा ज्योतिर्गमय भारतीय शिक्षा-दृष्टि की मूल चेतना को भी व्यक्त करता है। विद्या वह है जो मनुष्य के भीतर विवेक जगाए, उसके आचरण को परिष्कृत करे, उसे आत्मसंयम सिखाए और समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाए। आज यदि शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी, पद, वेतन और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होता जा रहा है तो हमें शिक्षा की आत्मा को पुनः खोजने की आवश्यकता है। शिक्षा के बदलते स्वरूप के साथ शिक्षक की भूमिका भी बदल रही है। कभी शिक्षा को सा विद्या या विमुक्तये अर्थात मुक्ति और आत्मविकास का माध्यम माना गया था, लेकिन आज अनेक बार उसका लक्ष्य केवल नियुक्ति प्राप्त करने तक सिमटता दिखाई देता है। ज्ञान का मूल्य इस आधार पर तय होने लगा है कि उससे कितनी आय और कितना ऊंचा पद प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षित होने की आकांक्षा बढ़ी है, लेकिन सुशिक्षित और संस्कारित होने की आकांक्षा उसी अनुपात में नहीं बढ़ी।

डॉ अमानुल हक (वरिष्ठ पत्रकार)
संपादक -"लोकल सत्ता" सह
राष्ट्रीय महासचिव
"भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ"
ईमेल - h.amanul10@gmail.com मोबाइल - 9835685427

दिल्ली हादसे से हिला प्रशासन, रेखा गुप्ता मौके पर पहुंचीं

लोकल सत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। के मोती बाग स्थित सत्य निकेतन इलाके में रविवार को एक इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के बाद मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। अब तक एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 6 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। रेस्क्यू किए गए लोगों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल मलबे को हटाकर अंदर फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (DFS) के मुताबिक, दमकल की 8 गाड़ियां और अलग-अलग विभागों की कई बचाव टीमें मौके पर तैनात हैं।



दिल्ली पुलिस ने भी इलाके की घेराबंदी कर दी है। आपातकालीन कर्मी मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। सत्य निकेतन हादसे की जानकारी मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपना तीन दिवसीय गोवा दौरा बीच में ही रद्द कर दिया और दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शाह को रविवार को गोवा के चिम्बेल में नवनिर्मित इखढ प्रदेश कार्यालय भवन का उद्घाटन करना था। हालांकि, दिल्ली में इमारत गिरने की घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें आपसी तालमेल के साथ राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं। घायलों को जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। गृह मंत्री ने हादसे में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी हादसे पर चिंता जताते हुए कहा कि डीडीएमए, एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, एमसीडी, कैट्स और सिविल डिफेंस की टीमें युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रही हैं। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर हादसे से सटी इमारत को भी खाली करा लिया गया है। मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और प्रभावित परिवारों को तत्काल मदद पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और सभी संबंधित एजेंसियां आपसी तालमेल से काम कर रही हैं।

सागर में जहरीली शराब से 10 की मौत

कुछ ही देर में अकड़ने लगे हाथ-पैर, शरीर पर पड़े नीले निशान; दहला देगी कहानी

लोकल सत्ता ब्यूरो

सागर। जिले के बंडा अनुविभाग के ग्रामीण इलाकों में संदिग्ध जहरीली शराब ने तबाही मचा दी है। अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सबसे ज्यादा असर ग्राम नौराज और घूघरा खुर्द में देखने को मिला है। अमर उजाला की टीम जब हादसे की जमीनी हकीकत जानने सबसे ज्यादा प्रभावित गांव नौराज पहुंची, तो वहां का नजारा बेहद दर्दनाक था। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा था और कई घरों से रोने-बिलखने की आवाजें सुनाई दे रही थीं।

नौराज की चौपालों और तंग गलियों में पहुंचने पर जगह-जगह देशी शराब की खाली बोतलें और क्वार्टर बिखरे दिखाई दिए। गांव में लोग झुंड बनाकर बैठे मिले, लेकिन खौफ के कारण कोई भी कैमरे के सामने खुलकर बोलने को तैयार नहीं हुआ। हालांकि, कुछ ग्रामीणों ने दबी जुबान में बताया कि गांव में लंबे समय से गली-गली अवैध देशी और कच्ची शराब बेचे जाने की बात सामने आती रही है। नौराज निवासी दिग्विजय लोधी (28) और करतार लोधी (30) की मौत के बाद गांव में मातम पसरा है। दोनों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। मृतक करतार लोधी की भतीजी ने उस रात की घटना बताते हुए कहा कि काका शराब पीकर घर लौटे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। हाथ-पैर अकड़ने लगे और वे दर्द से तड़पते हुए माथे पर हाथ मारने लगे। परिजनों के अनुसार, कुछ ही देर में शरीर पर नीले निशान दिखाई देने लगे। हालत बिगड़ने पर उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।





मृतकों में शामिल कई लोग विवाहित थे और अपने पीछे छोटे बच्चों तथा रोते-बिलखते परिजनों को छोड़ गए हैं। एक के बाद एक 10 मौतों की सूचना के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। पुलिस, राजस्व और आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें नौराज, घूघरा खुर्द और आसपास के गांवों में जांच व सर्च अभियान चला रही हैं। इलाके में स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया है। नौराज की सुनसान गलियां, घरों में पसरा मातम और उजड़ते परिवार अब कई गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब की बिक्री के दावों और प्रशासनिक निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है।

बीएमसी में तीन मरीजों की हालत गंभीर

गांव के चंद्रभान लोधी (48), अजय लोधी (30) और राघवेंद्र लोधी गंभीर हालत में सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में भर्ती हैं। तीनों का इलाज आईसीयू में चल रहा है।





पीएम मोदी ने एसआरसीसी में विपक्ष पर साधा निशाना, नाराज फूफा से की आलोचकों की तुलना


लोकल सत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 2013 के भारत और आज के भारत की तुलना करते हुए कहा कि देश पिछले एक दशक में आर्थिक और सामाजिक तौर पर मजबूत हुआ है और आज ज्यादा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने भाषण में पीएम मोदी ने विपक्ष और सरकार की नीतियों के आलोचकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की आदत बन गई है कि वे हर काम पर सवाल उठाते हैं कि इसकी जरूरत क्या है? पीएम ने ऐसे आलोचकों की तुलना परिवार के उस नाराज फूफा से की, जिन्हें हर चीज में कमी नजर आती है। पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा बनाई जा रही थी, तब भी सवाल उठाए गए थे। इसी तरह बुलेट ट्रेन, UPI, सेमीकंडक्टर और नए संसद भवन जैसे प्रोजेक्ट्स को लेकर भी आलोचना हुई। उन्होंने कहा कि आज इन्हीं पहलों ने भारत की क्षमता और विकास की तस्वीर बदलने में योगदान दिया है। पीएम मोदी ने अपने 15 अगस्त के लाल किले के भाषण का जिक्र करते हुए दिमागी नक्सल शब्द पर भी बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने आलोचकों को होम्योपैथिक दवा दी थी और उनके बयान के बाद कई लोगों की सोच सामने आ गई। पीएम ने इस दौरान देश के विकास को लेकर अपनी सरकार की नीतियों का बचाव किया और कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत पहले के मुकाबले ज्यादा आत्मविश्वास के साथ दुनिया के सामने अपनी बात रख रहा है।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

संक्षिप्त समाचार

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज शनिवार 5 सितंबर को पेट्रोल और डीजल की कीमतों का ऐलान कर दिया है। तेल कंपनियां हर दिन सुबह 6 बजे तेल के नए रेट को जारी करती हैं। आम-आदमी के लिए राहत की बात यह है कि आज पेट्रोल और डीजल के रेट में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। जिसकी वजह से दाम पुराने स्तर पर ही बरकरार है। चिंता की बात यह है कि कच्चे तेल का रेट एक बार फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड ऑयल 0.31 प्रतिशत की उछाल के बाद 95.33 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था। वहीं, बेस्ट इंटरमीडिएड का दाम 0.14 प्रतिशत की उछाल के बाद 90.88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। बता दें, 24 जुलाई के बाद कच्चे तेल का दाम इस स्तर पर पहुंचा है।


टीआरआईएल के एमडी बने गौरव जैन

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (टीआरआईएल) ने गौरव जैन को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और रसीईओ नियुक्त किया है। वह एक अक्तूबर को पदभार संभालेंगे। जैन अप्रैल 2018 से कंपनी के एमडी एवं सीईओ रहे संजय दत्त का स्थान लेंगे। उधर, रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और टेलीकॉम इकाई जियो करीब 4 अरब डॉलर का आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी इसे नवरात्र या दिवाली के आसपास लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। जियो नवरात्रि के दौरान इस इश्यू लाने को प्राथमिकता दे सकती है।



अनिल चक्रवर्ती बने एडोबी के सीईओ

नई दिल्ली। भारतीय मूल के तकनीकी विशेषज्ञ अनिल चक्रवर्ती ने दुनिया की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनियों में शामिल एडोबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद संभाल लिया है। उनके साथ कंपनी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। करीब 18 वर्षों तक एडोबी का नेतृत्व करने वाले शांतनु नारायण अब कार्यकारी चेयरमैन की भूमिका निभाएंगे। फोटोशॉप और इलस्ट्रेटर जैसे लोकप्रिय सॉफ्टवेयर के लिए पहचानी जाने वाली एडोबी इस समय तकनीकी बदलाव के एक अहम दौर से गुजर रही है। जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने डिजाइन, फोटो एडिटिंग, वीडियो निर्माण और डिजिटल कंटेंट तैयार करने के तरीके को तेजी से बदला है। ऐसे में कंपनी को अपने पारंपरिक उत्पादों की ताकत बनाए रखने के साथ एआई आधारित सेवाओं को और प्रभावी बनाना होगा।



200 करोड़ बार देखे गए वीडियो से प्रेरित होकर युवा भारत ने डेयरी उद्योग पर उठाई आवाज

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कोलकाता में युवाओं ने किया नुक्कड़ नाटक, डेयरी और बीफ उद्योग के बीच संबंध पर उठाए सवाल।

लोकल सत्ता/संवाददाता

कोलकाता। 200 करोड़ बार देखे जा चुके एक वायरल वीडियो से प्रेरणा लेते हुए, कोलकाता के युवा कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विक्टोरिया मेमोरियल के साउथ गेट के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। देश के १० शहरों में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आयोजित १० मिनट के इस नाटक में भारत के डेयरी उद्योग की वास्तविकता और इससे जुड़े पशुओं के साथ होने वाले व्यवहार को लोगों के सामने रखा गया।



नाटक की प्रेरणा कौन बनेगा करोड़पति के एक वायरल संवाद से ली गई थी। इस संवाद में कार्यक्रम के मेजबान अमिताभ बच्चन ने प्रतियोगी सिद्धार्थ शर्मा के साथ डेयरी पशुओं की स्थिति पर बातचीत की थी। इस बातचीत को पूरे भारत में २०० करोड़ से अधिक बार देखा गया है और यह दुनिया में सबसे अधिक देखी गई रील्स में शामिल हो गई है। बातचीत के अंत में अमिताभ बच्चन ने कहा था कि गाय का दूध उसके बछड़े के लिए है, हमारी चाय में डालने के लिए नहीं।

विक्टोरिया मेमोरियल के सामने प्रस्तुत इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य डेयरी और बीफ उद्योग के बीच उस संबंध को सामने लाना था, जिसके बारे में आम तौर पर बहुत कम चर्चा होती है। आयोजकों ने लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि डेयरी और बीफ एक ही व्यवस्था के दो हिस्से हैं। नाटक के माध्यम से बताया गया कि गायों और भैंसों को मुख्य रूप से दूध उत्पादन के लिए पाला जाता है और दूध देना बंद करने के बाद बड़ी संख्या में पशुओं को वध के लिए बेच दिया जाता है। उनके शरीर का उपयोग चमड़ा और बीफ उद्योग में किया जाता है। इस पूरी व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव पशुओं और उनके बछड़ों पर पड़ता है।

यह ऐसी वास्तविकता है जिसे छाया एनिमल हॉस्पिटल की टीम प्रतिदिन करीब से देखती है। अस्पताल की टीम डेयरी और संबंधित उद्योगों से शोषित बोवाइन पशुओं को बचाने और उनकी देखभाल का कार्य करती है। इनमें से कई बोवाइन आज भी छाया एनिमल हॉस्पिटल की न्यायिक अभिरक्षा में हैं। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पशु संरक्षण के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु और पशु संरक्षण कानूनों से जुड़े मुद्दों पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की आयोजक अरुशी भट्टाचार्य ने कहा, विक्टोरिया मेमोरियल के सामने आयोजित इस स्ट्रीट प्ले का उद्देश्य डेयरी और बीफ उद्योग के बीच के उस संबंध को दिखाना था, जिसके बारे में अक्सर बात नहीं की जाती। हमने यह बताने की कोशिश की कि डेयरी और बीफ एक ही व्यवस्था के दो हिस्से हैं। छाया एनिमल हॉस्पिटल की टीम इस सच्चाई को करीब से देखती है, जब वह इस उद्योग से शोषित बोवाइन पशुओं को बचाती और उनकी देखभाल करती है।

उन्होंने कहा कि डेयरी से जुड़े मुद्दे केवल पशुओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका प्रभाव सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण पर भी पड़ता है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने उन डेयरी इकाइयों को लेकर कड़ी टिप्पणी की थी, जो दूध देना बंद करने के बाद गायों को छोड़ देती हैं। सड़कों पर छोड़ी गई ऐसी गायें आम लोगों के साथ-साथ स्वयं उनके लिए भी खतरा बन सकती हैं। व्यस्त सड़कों पर होने वाली ऐसी दुर्घटनाएं कई बार जानलेवा साबित होती हैं। केयर ऑफ खेजुरी के सुभ्रजीत पांडा ने कहा, पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता, स्ट्रीट एनिमल्स के साथ दुर्व्यवहार, डेयरी उद्योग की सच्चाई और वीगनिज्म को एक संवेदनशील जीवनशैली के रूप में सामने लाने के लिए हमने यह पहल की। कोलकाता में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक के जरिए हमने इन बातों को आम लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की। लोगों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया और सुझावों ने हमें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। अभियान के आयोजकों ने नीति-निमार्ताओं और संस्थानों से ऐसे कदम उठाने की अपील की, जो पशु संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ और प्लांट-बेस्ड खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा दें। आयोजकों के अनुसार, ऐसी व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है जो पशुओं, लोगों और पर्यावरण—तीनों के हितों की रक्षा कर सके।

राम जानकी मंदिर में लगा ताला, मठ की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप

अतिक्रमण से नाराज ग्रामीणों ने मंदिर में लगाया ताला, प्रशासन को दी सूचना।

लोकल सत्ता/संवाददाता

नौतन। प्रखंड के पूर्वी नौतन स्थित बेली माई के समीप राम जानकी मंदिर में ग्रामीणों ने ताला लगा दिया। करीब छह माह पूर्व इसी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ महायज्ञ का आयोजन हुआ था। इसके बाद मंदिर में ताला लगाए जाने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, मंदिर के बगल में मठ की जमीन है, जहां पिछले कई दशकों से धार्मिक आयोजन और प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन होता रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मठ की उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। इसी मामले



को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत बैठाकर विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन मामला बढ़ता गया। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद की स्थिति को देखते हुए आपसी सूझबूझ से मंदिर में ताला लगाया गया है। अतिक्रमण की सूचना प्रशासन को भी दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मठ की जमीन की जांच कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि उक्त भूमि लंबे समय से धार्मिक आयोजनों और मेले के लिए उपयोग होती रही है। जब्कि इस जमीन को प्रशासन द्वारा गैर मजुरवा बताया जा रहा है।

अमेरिका का बड़ा दावा

40 डॉलर पर आएगा कच्चा तेल

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली

दुनियाभर की नजरें फिलहाल ईरान विवाद पर टिकी हैं। इस भू-राजनीतिक संकट ने ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल मचा दी है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। लेकिन अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने एक ऐसा दावा किया है जिसने वैश्विक बाजार का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उनका मानना है कि जैसे ही ईरान के साथ सैन्य संघर्ष खत्म होगा, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी।

तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति बैरल तक नीचे आ सकती हैं। उनकी ये टिप्पणी ऐसे समय में आई



है जब ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने दुनिया भर में महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

कच्चे तेल का बाजार फिलहाल टाइट है, लेकिन बेसेंट को भविष्य में एक अलग ही तस्वीर नजर आ रही है। स्टीव बैनन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान संकट के बाद बाजार में कच्चे तेल की भारी ओवरसप्लाई होगी। बहुत सारा तेल उत्पादन लाइन में आने वाला है, जिससे कीमतें 40 से 50 डॉलर तक गिर सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 95 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट भी 91 डॉलर के आसपास है। ये स्तर जुलाई के बाद से सबसे ऊंचे हैं। अमेरिका-ईरान के बीच हालिया सैन्य हमलों ने ऊर्जा कीमतों में ये तेजी ला दी है।

महंगाई में भी भारी कमी आएगी

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। बेसेंट ने बताया कि ब्याज दरों का तेल की कीमतों के साथ इतना गहरा संबंध पहले कभी नहीं देखा गया। वर्तमान में 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड की यील्ड 2023 के बाद अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई है। उनका कहना है कि ईरान विवाद खत्म होने के बाद जब तेल सस्ता होगा, तो हेडलाइन महंगाई में भी भारी कमी आएगी। इससे वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में भी गिरावट आने की पूरी संभावना है। युद्ध कब खत्म होगा, इस पर उन्होंने कोई समय सीमा नहीं दी। अमेरिकी संसद की सशस्त्र सेवा समिति के एक रिपब्लिकन सांसद ने सैन्य स्थिति को फिलहाल 'ठहरा हुआ' बताया है।

आरबीआई अक्टूबर में बढ़ा सकता है ब्याज दरें

- बैंकिंग सिस्टम में 10.3 लाख करोड़ रुपए की रिकॉर्ड लिक्विडिटी

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी अगली मौद्रिक नीति समीक्षा (5-7 अक्टूबर) के दौरान ब्याज दरें बढ़ाने पर विचार कर सकता है। यह संभावना बैंकिंग तंत्र में रिकॉर्ड अधिशेष तरलता और केंद्रीय बैंक द्वारा घोषित 7 लाख करोड़ रुपये की 30-दिवसीय वेरिएबल रेट रिवर्स रीपो (वीआरआरआर) नीलामी के बाद पुख्ता हुई है, जिसमें पहली बार बैंकों को समय से पहले जमा राशि निकालने की अनुमति दी गई है।

गुरुवार को बैंकिंग प्रणाली में तरलता 10.3 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। इस बढ़?ती तरलता को नियंत्रित करने के उद्देश्य से आरबीआई सोमवार को 7 लाख करोड़ रुपये की वीआरआरआर नीलामी करेगा। बाजार के जानकारों का मानना है कि नीलामी में समय से पहले निकासी का विकल्प, बैंकों को महीने के अंत में कर भुगतान जैसी जरूरतों के बावजूद लंबी अवधि के लिए धन जमा करने में सहज महसूस कराएगा। डीलरों के अनुसार, आरबीआई के इस अभूतपूर्व कदम से बॉन्ड बाजार को राहत मिली है, क्योंकि इससे संकेत मिलता है कि अक्टूबर की मौद्रिक नीति समिति की बैठक से पहले तरलता से जुड़े और कोई बड़े उपाय नहीं किए जाएंगे। रूआरबीआई के लिए ब्याज दरें बढ़ाना ही वर्तमान परिस्थितियों में सबसे उपयुक्त कदम होगा। बैंकिंग तंत्र में अतिरिक्त तरलता का मुख्य कारण विदेशी मुद्रा अनिवासी भारतीय (बैंक) जमा के लिए रियायती स्वैप विंडो थी, जिसके माध्यम से रिकॉर्ड 127.2 अरब डॉलर जुटाए गए थे, जिससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड 740.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

ई-कॉमर्स गिग वर्कर्स : जोखिमों से घिरा जीवन, सुरक्षा कवच नदारद

- जानलेवा गर्मी : 96.57 फीसदी श्रमिकों की कार्यक्षमता प्रभावित, बीमारियां बढ़ीं

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली



भारत में ई-कॉमर्स मंचों से जुड़े लाखों कर्मचारी कार्यस्थल पर गंभीर सुरक्षा जोखिमों का सामना कर रहे हैं, लेकिन उनके पास न तो पर्याप्त बीमा है, न सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण और न ही अपनी चिंताओं को उठाने के लिए उचित व्यवस्था। यह चौंकाने वाला खुलासा श्रम अधिकार संगठन 'जनपहल' और गिग वर्कर्स एसोसिएशन द्वारा जारी एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में हुआ है, जिसमें गिंग वर्कर्स की दयनीय कार्य दशाओं को उजागर किया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, इन कर्मचारियों के समक्ष सबसे बड़ा जोखिम अत्यधिक गर्मी में काम करने की मजबूरी है। सर्वेक्षण में शामिल ऐसे 778 श्रमिकों में से 96.57 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि गर्मी के कारण उनकी कार्यक्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है। वहीं 75.5 प्रतिशत ने अपनी उत्पादकता घटने और सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई। लगातार गर्मी में काम करने से उन्हें थकावट, निर्जलीकरण और शरीर का तापमान बढ़ने जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन गंभीर जोखिमों के बावजूद, सुरक्षा जाल का अभाव स्पष्ट है। सर्वेक्षण में 62.2 प्रतिशत श्रमिकों ने बताया कि उनके पास स्वास्थ्य बीमा की सुविधा नहीं है, जबकि 44.2 प्रतिशत ने दुर्घटना बीमा न होने की बात कही।

दुर्घटना बीमा प्राप्त करने का प्रयास करने वाले 80 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों ने इसकी प्रक्रिया को अत्यंत कठिन बताया। यह रिपोर्ट 10 शहरों के 1,000 प्लेटफॉर्म कर्मचारियों से की गई बातचीत पर आधारित है और बताती है कि व्यावसायिक जोखिमों से निपटने की जिम्मेदारी काफी हद तक कर्मचारियों पर ही है। सुरक्षा प्रशिक्षण के मोर्चे पर भी स्थिति चिंताजनक है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 59.3 प्रतिशत श्रमिकों को उनके प्लेटफॉर्म से कोई सुरक्षा प्रशिक्षण या संसाधन प्राप्त नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त, 23.4 प्रतिशत ने कहा कि दिया गया प्रशिक्षण अपर्याप्त था, जबकि केवल 7.5 प्रतिशत ने ही व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण मिलने की बात स्वीकार की। रिपोर्ट ने यह भी उजागर किया कि 50 प्रतिशत गिग कर्मचारियों ने 'ई-श्रम' पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है, जो असंगठित श्रमिकों के लिए एक सरकारी डेटाबेस है। इसके परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में ये कर्मचारी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित हैं। यह स्थिति गिग अर्थव्यवस्था में श्रमिकों के लिए औपचारिक मान्यता और सुरक्षा की कमी को दर्शाती है।

जल्द लॉन्च हो सकता है ईपीएफओ 3.0, झटपट निकाल सकेंगे रुपए

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली



भविष्य निधि खाते से जमा पूंजी निकालने की प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक सुगम और त्वरित होने जा रही है। फॉर्म भरने की जटिल प्रक्रिया, कंपनी के एचआर से मिलने वाली मंजूरी की बाध्यता और हफ्तों के लंबे इंतजार की व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने वाला है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने पूरे आईटी ढांचे को आधुनिक बनाते हुए 'ईपीएफओ 3.0' प्रणाली लागू करने की तैयारी में है, जिससे पीएफ खाता बिल्कुल बैंक के सेविंग अकाउंट की तरह संचालित हो सकेगा।

पीएफ सदस्यों को सबसे बड़ा फायदा इमरजेंसी एडवांस क्लेम के मोर्चे पर मिलेगा। बीमारी, विवाह या मकान निर्माण जैसी आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए 5 लाख तक के अग्रिम दावे की जांच अब किसी अधिकारी द्वारा मैन्युअल तरीके से नहीं की जाएगी। नया सिस्टम एआई और स्वचालित डेटा वेरिफिकेशन के आधार पर काम करेगा। इसके तहत पहले जहां क्लेम प्रोसेस होने में 15 से 20 दिन लगते थे, वहीं अब राशि मात्र 3 से 4 दिनों में सीधे अंशधारक के बैंक खाते में जमा हो जाएगी। शुरू में इस सुविधा को केवल सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'भीम यूपाई' से लिंक किया जाएगा।

यूपीआई और एटीएम से सीधे फंड निकासी की मिलेगी सुविधा

ईपीएफओ 3.0 की सबसे खास बात पीएफ खाते को आधुनिक बैंकिंग नेटवर्क और डिजिटल पेमेंट गेटवे से जोड़ना है। नई प्रणाली के तहत आपातकालीन चिकित्सा आवश्यकताओं के समय एक निर्धारित सीमा तक राशि भीम यूपीआई या सीधे एटीएम के माध्यम से निकाली जा सकेगी।

कीमती धातुओं में तेजी का दौर अभी नहीं थमेगा

दीपावली तक सोना 1.62 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंचेगा!

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली

चार साल में सोने का भाव 50 हजार से बढ़कर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। मुनाफावसूली के बावजूद तेजी की उम्मीद बनी हुई है। दीपावली तक सोना 1.62 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालिया दिनों में सोने में भले ही मुनाफावसूली दिख रही हो, लेकिन सोने की बुनियादी चमक पर कोई आंच नहीं आई है। 24 कैरेट सोने का घरेलू बेंचमार्क सितंबर 2022 के लगभग 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से उछलकर सितंबर 2026 में 1.55 लाख रुपये के



स्तर पर टिका हुआ है यानी महज चार साल में 210 फीसदी का बंपर रिटर्न। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 29 जनवरी को सोना 5,608 डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक शिखर पर पहुंचा था। वहां से 20 फीसदी फिसलकर अब यह 4,500 डॉलर के आसपास है। बाजार विश्लेषक इसे मंदी नहीं, बल्कि एक लंबे बुल-रन के बीच की हेल्दी प्रॉफिट बुकिंग मान रहे हैं। इंडसइंड सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, घरेलू बाजार में 1,49,000 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4,400 डॉलर प्रति औंस का स्तर सुरक्षित रहने पर दिवाली तक घरेलू भाव 1,60,000 से 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। एसएमसी ग्लोबल सिक्यूरिटीज की कमोडिटी रिसर्च हेड वंदना भारती की सलाह है कि शादियों के लिए खरीदार कीमतें और गिरने का इंतजार न करें। 1,45,000 से 1,52,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में जब भी नीचे मिले, 40-50 फीसदी खरीदारी तुरंत निपटा लें।

घरेलू बाजार रुपये का मजबूत समर्थक

इंडसइंड सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, घरेलू बाजार में 1,49,000 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4,400 डॉलर प्रति औंस का स्तर सुरक्षित रहने पर दिवाली तक घरेलू भाव 1,60,000 से 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

केंद्रीय बैंकों का स्वर्ण भंडार


केंद्रीय बैंक	2026 में शुद्ध खरीद/बिक्री	कुल गोल्ड रिजर्व
चीन	60 टन (जुलाई में 20 टन)	2,366 टन (8% रिजर्व)
पोलैंड	90 टन (जुलाई में 8 टन)	640 टन (लक्ष्य : 700 टन)
कजाकिस्तान	29 टन (जुलाई में 1 टन)	75% विदेशी मुद्रा भंडार
चेक	12 टन (जुलाई में 2 टन)	84 टन (6% रिजर्व)
रूस	50 टन बेचा (जुलाई में 6 टन)	2,277 टन
तुर्किये	85 टन बेचा	--

एआई की मार, भारतीय जीसीसी में पारंपरिक नौकरियों पर संकट

लोकल सत्ता ब्यूरो/नई दिल्ली

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वचालन भारत के वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में पारंपरिक नौकरियों पर भारी पड़ रहे हैं। क्वेस कॉर्प की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन नई तकनीकों से लेनदेन वित्त, खरीद, ग्राहक सहायता और सामान्य एनालिटिक्स जैसी नियमित भूमिकाओं की मांग में उल्लेखनीय कमी आई है, जबकि विशेषज्ञ और तकनीक-आधारित पदों की मांग लगातार बढ़ रही है।

'जीसीसी 2.0: द राइज ऑफ डिजिटल बिजनेस फंक्शन्स रिपोर्ट



के अनुसार, 2024 की तुलना में 2025 में प्रोक्योरमेंट रोल (खरीद से संबंधित भूमिकाएं) की मांग में सर्वाधिक 41.7 फीसदी की गिरावट आई है। इसी तरह, एनालिटिक्स भूमिकाओं में 37.9 फीसदी, ग्राहक सेवा में 34.5 फीसदी और वित्त व जोखिम प्रबंधन से जुड़े अवसरों में 32.8 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। क्वेस ने इस बदलाव का कारण स्वचालन, केंद्रीकरण और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से कार्यों का पुनर्गठन बताया है। उदाहरण के लिए, लेनदेन संबंधी खरीद गतिविधियां अब तेजी से स्वचालित होकर रणनीतिक सोर्सिंग मॉडल में बदल रही हैं, वहीं ग्राहक सेवा भी स्वचालन और स्वयं सेवा विकल्पों की ओर अग्रसर है। रिपोर्ट बताती है कि जीसीसी डोमेन-आधारित इंटेलिजेंस और एआई-सक्षम एनालिटिक्स की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे सामान्य एनालिटिक्स भूमिकाओं में भी गिरावट आई है।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

संक्षिप्त समाचार

कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



लोकल सत्ता/संवाददाता

बेतिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया के तत्वाधान में बेतिया प्रखंड के वार्ड नंबर 44 में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव धीरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि कानूनी जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक करना प्राधिकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर के माध्यम से लोगों को नालसा एवं बालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया जाता है। उन्होंने बताया कि कोई भी आमजन जिसको किसी प्रकार का कोई दिक्कत है वह व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया स्थित विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में स्थित फ्रंट ऑफिस में आकर अपना आवेदन दे सकते हैं। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता मोहम्मद जाकिर ने उपस्थित आम लोगों को मध्यस्थता, संवाद जागृति, आगामी दिनांक 12 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। मौके पर परा विधिक स्वयंसेवक वशिष्ठ प्रसाद श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद एवं आमजन उपस्थित रहे।

एक्सिस बैंक: ग्राहक का गोल्डलोन वाला गिरवी रखा सोना बेच दिया

लोकल सत्ता/संवाददाता

बेतिया। नगर थाना क्षेत्र के सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित एक्सिस बैंक के प्रबंधक पर, गोल्ड लोन लेने वाले पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज थाना निवासी,रिशु पांडे ने बैंक के कर्मचारियों पर गंभीरआरोप लगाए हैं। आप है के बैंक में उन्हें बिना सूचना दिए गिरवी रखा सुनना बेच दिया मामले में जिलाधिकारी के आदेश के बाद नगर थाने में बैंक मैनेजर समेतअन्य लोगों के खिलाफ इसके प्राथमिकी दर्ज की गई, पीड़ित ने बताया कि जून, अगस्त 2025 में एक्जिस बैंक से गोल्ड लोन लेकर सोना रखा गया था,उन्होंने कहा कि रखा गया सोने की कीमतअभी 10 लाख रुपया बताई गई है।इस बात की जानकारी बैंक प्रबंधक एवं कर्मचारियों के द्वारा उनको नहीं दी गई, रखे हुए सोना बेचने की खबर उसे समय मिला, जब वह बैंक में रुपया जमा किया,उसका मैसेज मिला। जानकारी मिलने के बाद बैंक प्रबंधक के विरुद्ध जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी के पास शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए बैंक प्रबंधक पर नगर थाना बेतिया में ही प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

बेतिया में पहली सीएनजी फिलिंग पंप स्टेशन का हुआ शुभारंभ

लोकल सत्ता/संवाददाता

बेतिया। जिला में सीएनजी फिलिंग पंप स्टेशन खुलने का बहुत दिनों से इंतजार किया जाता रहा है,मगर इस इंतजार की घड़ीअब समाप्त हो गई।इस जिला में इसका पहला किया गया इसी क्रम में संवाददाता को पता चला है कि समीर फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ,सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि सीएनजी पंप के शुरू होने से जिले के वाहन चालकों को अब पेट्रोल और डीजल के साथ एक नया इंजन विकल्प उपलब्ध होगा, खासकर वैसे सीएनजी से चलने वाले वाहनों के लिए ईंधन भरने की परेशानी दूर होगी अब तक सीएनजी के लिए जिला से बाहर निर्भरता रहती थी समाजसेवी शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक को डॉक्टर सुशील प्रसाद चौधरी ने कहा कि सीएनजी सुविधा की शुरूआत किया विकास की ओर दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस मौके पर, विधायक नारायण प्रसाद, पूर्व विधायक प्रकाश राय, उमाकांत सिंह,ज्ञानेंद्र शरण,अमिताभ चौधरी, डॉक्टर आलोक चंद्र, कंपनी के हेमंत द्विवेदी, के अलावा सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, शिक्षाविद उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र व मेडल

लोकल सत्ता/संवाददाता



नौतन। निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने का सम्मान एक दिन जरूर मिलता है. नौतन प्रखंड के प्राथमिक, मध्य व माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करने वाले पचास शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर बीईओ रियाज अहमद सम्मानित किया गया. प्रशस्ति पत्र और मेडल पाने वाले शिक्षक गदगद हो गयें. सम्मानित होने के बाद सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से शैक्षणिक कार्य को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया. शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए बीईओ रियाज अहमद ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले शिक्षकों को सम्मान मिला है. उन्होंने ऐसे ही तेवर के साथ शैक्षणिक कार्य को आगे बढाने की अपील शिक्षकों से किया. सम्मानित होने वाले शिक्षकों में? कुमारी अनुपमा, अभिमन्यु कुमार मधू, नंदकिशोर यादव, शयाम कुमार, वीर पासवान, रविरंजन, कमलेश प्रसाद, सतीश चौरसिया, शंभु यादव संतोष कुमार, आदि शामिल रहे

बीडीओ कार्यालय पर 6.24 लाख सेवा शुल्क बकाया, नगर पंचायत ने भेजा वसूली नोटिस

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

चनपटिया/बेतिया। नगर पंचायत चनपटिया ने सरकारी भवनों से सेवा शुल्क की वसूली को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी हेमंत कुमार ने बीडीओ कार्यालय से 6 लाख 24 हजार 356 रुपये बकाया सेवा शुल्क जमा कराने को लेकर बीडीओ प्रणव कुमार गिरी को पत्र भेजा है। नगर पंचायत के विवरण के अनुसार वर्ष 2025-26 तक बीडीओ कार्यालय पर 3,77,056 रुपये सेवा शुल्क बकाया है। वर्ष 2026-27 के लिए 80,888 रुपये की मांग की गई है। वहीं 1,96,412 रुपये ब्याज/समायोजित राशि के रूप में दर्ज हैं। नगर पंचायत ने निर्धारित राशि कार्यालय में जमा कराने का अनुरोध किया है। मामला सामने आने के बाद सरकारी भवन से सेवा शुल्क की नियमित अदायगी पर भी सवाल उठ रहे हैं। बीडीओ प्रणव कुमार गिरी ने बताया कि पत्र मिला है, जिसकी जांच-पड़ताल कराई जा रही है।

जिला में शिक्षक दिवस हर्षउल्लास, रंगारंग, भव्य कार्यक्रमो से हुआ संपन्न

लोकल सत्ता/शहाबुद्दीनअहमद

बेतिया। जिला में शिक्षक दिवस कार्यक्रम पूर्व के वर्षों के भांती इस वर्ष भी बड़े ही हर्षउल्लास, रंगारंग एवं भव्य कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। जिले के सभी सरकारी, निजी स्कूल के साथ साथ सभी कोचिंग संस्थानों में इस कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इन विद्यालयों में छात्र, छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम, जैसे सांस्कृतिक, नृत्य, ड्रामा, भाभाषण, शिक्षा पर आधारितआधुनिक डांस, नाटक, फैंसी ड्रेस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक,माता-पिता, अभिभावक, छोटे-छोटे बच्चे,मोहल्लेवासी, छात्र-छात्राओं के सगे संबंधी, इष्टमित्रों कीअपार भीड़ कार्यक्रम को देखने हेतु लगी हुई थी।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने छात्र/छात्राओं/छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गएअनेकों स्तर के विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में उनकी प्रस्तुति को देखकर छात्र-छात्राओं के माता पिता, अभिभावक, सगे संबंधी, इष्टमित्र एवंअन्य मंत्रमुग्ध्य हो गए,साथ ही तालिया की गगनचुंबी गड़गड़ाहट से पूरा विद्यालय परिसर गुंजता रहा। शिक्षक दिवस के इस अवसर पर,संवाददाता ने भी जिले में भ्रमण कर कार्यक्रमों पर नजर बनाए रखते हुएअपना मंतव्य देते हुए कहा है कि "आधुनिक शिक्षा के संबंध में कुछ जानकारी देना कठिन लगता है,क्योंकि इसके पूर्व के दुनिया में शिक्षक था ही नहीं,बल्कि गुरु थे,वे शिक्षक से बहुत भिन्न थे। शिक्षा देना उनका धंधा नहीं था,बल्कि उनका आनंद था।शिक्षण कार्य पहली दफा धंधा बना है, शिक्षण कार्य धंधा बनते ही शिक्षक,गुरु होने की हैसियत को खो देता है। शिक्षण कार्य विद्यालय, कोचिंग संस्थानों में समाहित होकर रह गया है, जो एक फैक्ट्री,कारखाना, पैसा कमाने का जरिया बन गया है। इतना ही नहीं,इस आधुनिक,डिजिटलाइज्ड, भ्रष्टयुग में शिक्षा,शिक्षण संस्थान,कोचिंग संस्थान काअर्थ ही बदल गया है, या यूं कहा जाए कि आर्थिक शोषण के साथ साथ कामधेनु गाय बना लिया गया है,जिस उद्देश्य के तहत भारत के राष्ट्रपति, शिक्षाविद,डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, जिसकी परिकल्पना,गुरुः ब्र्हा।, ग्रु रु विष्णु, ग्रु रु दे व महेश्वरः,गुरुःसाक्षात पर ब्रह्म तस्मैःश्री गुरुवे नमः केआधार पर शिक्षक दिवस मनाने की परिकल्पना थी।गुरु काआर्थिक शब्द बच्चों को सम्मान,शिक्षा देना,उनके आत्मविश्वास को जागृत करना,संस्कृति पैदा करना, बड़े छोटों,अमीर गरीब, काला गोरा,ऊंच नीच में अंतर समझना,बड़ों की प्रतिष्ठा करना इत्यादि सैकड़ो बातों को समझा बूझकर उसे पर गतिमान करने की सबक सिखाएं। दूसरी और कुछ बातें ऐसी हैं,जिनका ध्यान में रखकर शिक्षक,शिक्षण कार्य करने वाले को ध्यान में रखना होगा,वह या है कि "गुरु शब्द वह शब्द है जो किसी कीआत्मा को जगा दे, किसी के व्यक्तित्व को निखार दे,उसके बंद फूल खिल जाए,साथ ही शिक्षक वह है,जो पुरानी पीढ़ियों के द्वाराअर्जित सूचनाओं को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का काम करे,विदा हो जाए,वह महज मध्यस्थ है।

सीमा सुरक्षा के साथ फिटनेस का संदेश, 40 किमी साइकिल चलाकर निकले एसएसबी जवान

कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के नेतृत्व में संडे ऑन साइकिल अभियान, हर रविवार सीमा क्षेत्र का होगा भ्रमण।

लोकल सत्ता/एक प्रतिनिधि

बगहा। सीमा की सुरक्षा में मुस्तैद एसएसबी के जवान अब हर रविवार साइकिल पर सीमा क्षेत्र का जायजा लेते नजर आयेंगे। सीमा सुरक्षा के साथ जवानों को फिट रखने और आम लोगों के बीच फिटनेस व सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को एसएसबी 21वीं वाहिनी की ओर से संडे ऑन साइकिल अभियान चलाया गया। कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के नेतृत्व में अधिकारी और जवानों ने वाहिनी मुख्यालय मंगलपुर, बगहा से साइकिल यात्रा शुरू की। जवान बॉर्डर रोड से होते हुए हरनाटांड़ स्थित लौकरिया थाना पहुंचे और वहां से वापस वाहिनी मुख्यालय लौटे। इस दौरान जवानों ने करीब 40 किलोमीटर की दूरी महज दो घंटा में पूरी की। साइकिल यात्रा के दौरान जवानों में खासा उत्साह दिखा। सीमा क्षेत्र की सड़कों से गुजरते एसएसबी जवानों ने एक



ओर जहां अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के बीच सीमा सुरक्षा को लेकर भरोसे का संदेश भी दिया। कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने अभियान में शामिल जवानों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि फिट जवान ही सीमा की सुरक्षा को और मजबूती से निभा सकता है। संडे ऑन साइकिल के माध्यम से शारीरिक फिटनेस के साथ टीम भावना, अनुशासन और सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमा क्षेत्र से जुड़ाव और सुरक्षा के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। हर रविवार जवान साइकिल से सीमा क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और फिटनेस के साथ सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। एसएसबी की इस पहल से सीमा क्षेत्र में फिटनेस, अनुशासन और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

शिक्षक दिवस पर छात्राओं ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रखंड के लगभग सभी विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम, शिक्षकों को किया गया सम्मानित।

लोकल सत्ता/संवाददाता

नौतन। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, भाषण सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय परिसरों में उत्सव जैसा माहौल रहा। पश्चिम नौतन पंचायत स्थित इकरा पब्लिक स्कूल संतपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर निरंजन कुमार निषाद ने की। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर राजीव रंजन कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र



निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ संस्कार, अनुशासन, नैतिकता और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

वर्गवार शिक्षकों को दिया उपहार

शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने वर्गवार अपने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। बच्चों से मिले स्नेह और सम्मान से शिक्षक भावुक नजर आए। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों का प्यार और सम्मान ही उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

अंगवस्त्र देकर शिक्षकों को किया सम्मानित

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर राजीव रंजन कुमार ने शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में वरीय शिक्षक रविंद्र कुमार, बिट्टू कुमार, अकाउंटेंट गोल्डी कुमारी, गुंजा कुमारी, प्रीति कुमारी, गोलू कुमार, अखिलेश कुमार यादव, राजू कुमार यादव, हैदर खान, नरगिस खातून, खुशी कुमारी, अमीशा त्रिपाठी, काजल कुमारी, श्यामा खातून एवं हाफिज मोहम्मद नसरुद्दीन शामिल रहे।

मैनेजिंग डायरेक्टर निरंजन कुमार निषाद ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक और अभिभावक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक, रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों में भी बच्चों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारा जा सके।

कई विद्यालयों में भी हुए कार्यक्रम

शिक्षक दिवस पर मुस्कान एकेडमी सोफवा टोला, अनुष्का एकेडमी संसारैया, एमजीओ पब्लिक स्कूल बैरागी मठ, बाबा भागवत राय डिग्री कॉलेज दक्षिण तेलहुआ, मॉडल स्कूल गहरी तथा ईश्वर शांति महाविद्यालय झखरा नौतन समेत प्रखंड के अन्य विद्यालयों में भी शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किए गए। कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम तो कहीं भाषण, क्विज, सम्मान समारोह और गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करने के कार्यक्रम हुए। कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से शिक्षक-शिष्य के रिश्ते की खूबसूरती को सामने रखा। शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं कर्मी मौजूद रहे।

सभी पैक्स जुड़ेंगे बैंक मित्र से - संयुक्त निबंधक

संयुक्त निबंधक व जिला सहकारिता पदाधिकारी ने पैक्सों का किया निरीक्षण

लोकल सत्ता/संवाददाता

नौतन। पंचायतों में संचालित पैक्सों को सशक्त बनाने और किसानों को बैंकिंग समेत अन्य सहकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सहकारिता विभाग ने कवायद तेज कर दी है। इसके तहत प्रखंड के सभी पैक्सों को जल्द ही बैंक मित्र से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। शनिवार को प्रखंड की झखरा और दक्षिण तेल्हुआ पंचायत स्थित पैक्सों का निरीक्षण करने पटना मुख्यालय से श्री बाबू रजा, संयुक्त निबंधक, मुख्यालय पटना, श्री संजय सिन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, बेतिया, श्री मिथिलेश कुमार, प्रबंधक निदेशक, डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक, बेतिया, श्री सुरेंद्र अमरनाथ, अफ्छर तथा श्री रियाज अहमद, इउड पहुंचे। अधिकारियों ने पैक्स के कार्यों, अभिलेखों एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। संयुक्त निबंधक बाबू रजा ने बताया कि पैक्स में चयनित सभी सदस्यों का डाटा कलेक्ट किया जा रहा है। इसमें आधार कार्ड, पहचान पत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी पैक्सों को सशक्त बनाने, बैंकिंग सेवा से जोड़ने तथा किसानों की



फसलों की उचित मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर खाद, बीज सहित अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराने में पैक्सों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए सभी पैक्सों के कागजात एवं अभिलेखों को दुरुस्त रखना जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों को दस्तावेजों से जुड़े सभी कार्यों को जल्द अपडेट करने तथा सभी पैक्सों को बैंक मित्र से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक एवं पैक्स के सदस्य मौजूद रहे।

गौनाहा राशन गोदाम से ओवरलोडिंग कर हो रही खाद्यान्न की ढुलाई

क्षमता से अधिक अनाज लादकर सड़कों पर दौड़ रहे वाहन, हादसे की आशंका।

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

गौनाहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित राशन गोदाम से खाद्यान्न की ढुलाई में नियमों की अनदेखी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि गोदाम से खाद्यान्न लदे वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक अनाज लादकर ढुलाई की जा रही है। इससे एक ओर जहां परिवहन नियमों की धजिया उड़ाई जा रही है तो वहीं दूसरी ओर सड़क पर दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, खाद्यान्न की ढुलाई के दौरान वाहनों पर उनकी निर्धारित क्षमता से अधिक बोरियां लाद दी जाती हैं। ओवरलोड वाहन सड़कों पर चलने के दौरान राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनता हैं। वहीं वाहनों पर अत्यधिक भार होने से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की भी



आशंका रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले की जांच कराने तथा खाद्यान्न ढुलाई में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि वाहनों की नियमित जांच और वजन की समुचित निगरानी की जाए तो ओवरलोडिंग पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सकती है। वही इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मेरे द्वारा इसकी जांच की जाएगी और जुमार्ना वसूल किया जाएगा। वही आगे उन्होंने बताया कि बीते कल उनके द्वारा बगहा में दर्जनों ओवरलोड गाड़ियों का चालान कर लाखों रुपया जुमार्ना वसूला गया है।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु-बालिका विद्या मंदिर राजड्योढ़ी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पाँच विधाओं में विजेता स्थान प्राप्त कर विद्यालय के भैया-बहनों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव।

लोकल सत्ता/संवाददाता

बेतिया। लोक शिक्षा समिति, बिहार के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर, नरकटियागंज में 5 सितंबर 2026 को आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु-बालिका विद्या मंदिर, राजड्योढ़ी, बेतिया के भैया-बहनों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, विषयगत ज्ञान, त्वरित उत्तर देने की दक्षता एवं उत्कृष्ट प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। प्रतियोगिता में चंपारण विभाग के विभिन्न विद्यालयों से कुल 18 टीमों ने संगणक, संस्कृत, वैदिक गणित, संस्कृति, विज्ञान एवं अंग्रेजी सहित विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राजड्योढ़ी विद्यालय की 5 टीमों ने विजेता स्थान प्राप्त कर विद्यालय,



अभिभावकों एवं पूरे विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के घोषित परिणामों में संगणक प्रश्नमंच के शिशु वर्ग में बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु-बालिका विद्या मंदिर, राजड्योढ़ी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में वैदिक गणित प्रश्नमंच के बाल वर्ग में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी गणितीय दक्षता का परिचय दिया। विज्ञान प्रश्नमंच के बाल वर्ग में भी विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।वहीं अंग्रेजी प्रश्नमंच के शिशु वर्ग में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों एवं विधाओं में विद्यालय की टीमों की सफलता ने यह प्रमाणित किया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विषयगत एवं बौद्धिक क्षमता के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।इस प्रकार विद्यालय के भैया-बहनों ने विभिन्न विधाओं में कुल 5 विजेता स्थान प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चंपारण विभाग के विभाग निरीक्षक श्री ललित कुमार राय जी ने सभी विजेता भैया-बहनों एवं उनके संरक्षक आचार्य-आचायाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास, ज्ञानार्जन, तार्किक क्षमता एवं निरंतर विकास की भावना को जागृत करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नमंच जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करते हैं। ऐसे मंचों पर विद्यार्थियों को सीमित समय में सोचने, निर्णय लेने और अपनी जानकारी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, जिससे उनमें चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास विकसित होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विनीता ओझा जी ने सभी विजेता भैया-बहनों एवं उनके मार्गदर्शक आचार्य-आचायाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन, नियमित अभ्यास, लगन एवं आचार्य-आचायाओं के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल एवं प्रतिभागी भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता, बिहारीगंज में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों से नियमित अभ्यास, विषयों की गहन तैयारी,समय-प्रबंधन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया गया।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

लोजपा रामविलास में शंभू प्रसाद का बढ़ा कद, एससी/एसटी प्रदेश उपाध्यक्ष की मिली कमान



लोकल सत्ता/संवाददाता

नरकटियागंज (पश्चिम चम्पारण)। सामाजिक कार्यकर्ता शंभू प्रसाद के लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शंभू प्रसाद को SC/ST प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नरकटियागंज पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पुरानी बाजार स्थित आवास पर पहुंचते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। समर्थकों का कहना है कि शंभू प्रसाद के पार्टी में शामिल होने और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से नरकटियागंज सहित आसपास के क्षेत्रों में संगठन को मजबूती मिलेगी। नई जिम्मेदारी पर शंभू प्रसाद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संगठन के प्रति समर्पित रहते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्र के गन्ना किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। शंभू प्रसाद ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर गन्ना मंत्री के साथ बैठक कर उनके हित में ठोस पहल कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के संकल्प के साथ काम करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करेंगे। इधर, लोजपा (रामविलास) ने नरकटियागंज के कद्दावर नेता कृष्णा पासवान को भी प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। एक साथ दो स्थानीय नेताओं को महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

मृतक किसान के आश्रित को कृषक क्लब ने 50 हजार रुपए का दिया सहायता राशि

क्लब के निर्णय का हो रहा है सराहना।



लोकल सत्ता/संवाददाता

हरसिद्धि। प्रखंड क्षेत्र के शिव हनुमान मंदिर, पोखरा चौक, हरपुर राय स्थित टासफरपा जय माता दी कृषक क्लब के कार्यालय परिसर में क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सभी सदस्यों की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लब के दिवंगत सदस्य जलेश्वर प्रसाद के परिवार की आर्थिक सहायता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव रखा गया कि क्लब के माध्यम से कराए गए बीमा की 50,000 की राशि का चेक दिवंगत सदस्य के नॉमिनी एवं उनकी पत्नी गौरी देवी को सौंपा जाए। प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाने के बाद क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा बीमा राशि का चेक निर्गत किया गया। इसके उपरांत बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत जलेश्वर प्रसाद की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य दिवंगत जलेश्वर प्रसाद के घर पहुंचे। वहां मृतक के पुत्र एवं पड़ोसियों की मौजूदगी में नॉमिनी गौरी देवी को 50,000 का बीमा चेक विधिवत सुपुर्द किया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बता दें कि टासफरपा जय माता दी कृषक क्लब की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई थी और वर्तमान में क्लब में लगभग 47 सदस्य हैं। क्लब के सभी सदस्य प्रत्येक माह एक निर्धारित राशि जमा करते हैं। इसी जमा राशि से सदस्यों को आवश्यकता के अनुसार बच्चों की शिक्षा, खेती-बाड़ी सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराया जाता है जिसके बदले सहायता शुल्क प्राप्त किया जाता है। प्राप्त सहायता शुल्क में भी क्लब के सभी सदस्यों की हिस्सेदारी रहती है। क्लब के माध्यम से सदस्यों का बीमा भी कराया जाता है, ताकि किसी सदस्य के असामयिक निधन की स्थिति में उसके परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। दिवंगत जलेश्वर प्रसाद के परिवार को दिया गया 50 हजार का बीमा चेक इसी व्यवस्था का उदाहरण है। कृषक क्लब की इस पहल की स्थानीय स्तर पर भी सराहना की जा रही है। सदस्यों का कहना है कि क्लब केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े होकर सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी निभाने का भी कार्य कर रहा है। मौके पर कृषक क्लब के अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार, सचिव हरेन्द्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजकुमार राम सहित सदस्य कृष्णा गिरी, रामाधार प्रसाद, राकेश कुमार, कृष्णा साह, रोजिद मियां, भुआली भगत, नगीना प्रसाद, कौशल कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

श्री रामेश्वर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में उत्साह से मना शिक्षक दिवस

एच एम ने शिक्षकों को उपहार देकर किया सम्मानित।



लोकल सत्ता/संवाददाता

हरसिद्धि। प्रखंड क्षेत्र के सोनबरसा पंचायत के वार्ड संख्या-06 स्थित श्री रामेश्वर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार प्रसाद ने भारत रत्न एवं देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक शिक्षक दिवस मनाया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रधानाध्यापक संतोष कुमार प्रसाद के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा कीं। छात्रों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, शिक्षा के प्रति उनके योगदान तथा शिक्षक दिवस के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय के आईसीटी लैब में विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री का भाषण भी दिखाया और सुनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। मौके पर शिक्षक अमर कुमार, आदित्य कुमार, रंजन कुमार, समरदीप कुमार, गया शंकर, रामेश्वर, रिंकी कुमारी, समरिन शमीम, असगर अली और अमित कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मेहनत और हुनर को मिला सम्मानः एस.आर. हीरो एजेंसी ने मोटरसाइकिल मैकेनिकों को किया सम्मानित



लोकल सत्ता/संवाददाता

नरकटियागंज (पश्चिम चम्पारण)। सिकटा प्रखंड क्षेत्र के बैसखवा चौक पर स्थित एस.आर. हीरो एजेंसी की ओर से क्षेत्र के विभिन्न मोटरसाइकिल मिस्त्रियों (मैकेनिकों) के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मोटरसाइकिलों की मरम्मत एवं सर्विसिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मैकेनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एजेंसी के मालिक शम्स तबरेज ने कहा हमने क्षेत्र के मोटरसाइकिल मिस्त्रियों को उनके कार्य, मेहनत और तकनीकी हुनर के प्रति सम्मानित किया है। मैकेनिक हमारे ग्राहकों को बेहतर सर्विस उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके सहयोग और तकनीकी दक्षता के बिना बेहतर सेवा की कल्पना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि मैकेनिकों की मेहनत और योगदान को प्रोत्साहित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, ताकि क्षेत्र के मैकेनिकों का मनोबल बढ़े और एजेंसी एवं मैकेनिकों के बीच आपसी सहयोग और मजबूत हो। समारोह में सम्मान मिलने पर मैकेनिकों ने खुशी जाहिर करते हुए एस.आर. हीरो एजेंसी के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान बेहतर ग्राहक सेवा, तकनीकी सहयोग और आपसी समन्वय को लेकर भी चर्चा की गई। एस.आर. हीरो एजेंसी की यह पहल मैकेनिकों की मेहनत, हुनर और योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें आगे बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुई।

डीजे साउंड बॉक्स गिरने से मच्छरगांवा के मजदूर की पुणे में मौत

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

बेतिया/शनिचरी। योगापट्टी के मच्छरगांवा नगर पंचायत स्थित वार्ड-4 निवासी 42 वर्षीय राजू कुमार की पुणे में हादसे के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार शाम कार्यक्रम में डीजे साउंड सिस्टम लगाने के दौरान भारी-भरकम साउंड बॉक्स अचानक उनके ऊपर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने से वह बुरी तरह जख्मी हो गए। सहकर्मी उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। राजू करीब एक माह पूर्व रोजगार के सिलसिले में पुणे गए थे और टीवी, फिल्म व अन्य कार्यक्रमों में साउंड सिस्टम लगाने का काम करते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी उमा देवी, पुत्र विवेक व अंकित तथा पुत्री पुष्पा समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया।

दिन में रेकी, रात में चोरी; डिक्की में पांच बकरों के साथ दो धराए

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

चनपटिया/बेतिया। कार की डिक्की में बकरों को इस तरह ठूंसकर ले जाया जा रहा था कि पुलिस ने डिक्की खोली तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गई। एक के ऊपर एक बांधकर रखे गए पांच बकरों को पुलिस ने बाहर निकाला और सुरक्षित किया। मामला कैथवलिया-लौरिया मुख्य पथ पर दुर्गा मंदिर तीनमोहानी के पास का है। गश्त के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर भूरे रंग की होंडा कार (यूपी 65 डीएल 1340) को रोककर तलाशी ली थी।पुलिस ने कार सवार उत्तर प्रदेश के शिवपुर थाना क्षेत्र के कठबतिया निवासी रामचंद्र पाल और वाराणसी के सिंधोरा थाना क्षेत्र के गरथमा निवासी महेंद्र प्रताप को गिरफ्तार किया है।अपर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार के अनुसार पूछताछ में बकरा चोरी से जुड़े कई सुराग मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी दिन में गांवों में घूमकर बकरों की रेकी करते थे और रात में चोरी कर कार से उत्तर प्रदेश ले जाकर बेचते थे। पुलिस अब चोरी की अन्य घटनाओं और संभावित गिरोह के सदस्यों की जानकारी जुटा रही है।

शनिचरा बाबा का पूजा तुरहा समाज नव युवक संघ भितहा द्वारा सम्पन्न हुआ

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि



बेतिया। बैरिया थाना क्षेत्र के भितहा गांव में शनिचरा बाबा का पूजा तुरहा समाज नव युवक संघ भितहा द्वारा धूमधाम से मनाया। जिसमें सहयोगी अध्यक्ष जगीलाल शाह, कोषाध्यक्ष राधा साह, समिति सदस्य हीरालाल साह, अच्छेलाल साह, सदस्य जितेंद्र शाह, उदय शाह, अशोक शाह, लालू शाह, राजबंशी साह, कृष्णा साह एवं समस्त तुरहा समाज भितहा शामिल रहे।

पैक्स बनेंगे किसानों के वन-स्टॉप सेंटर, बैंकिंग से खाद-बीज और उपज की खरीद तक मिलेगी सुविधा

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

बेतिया। पश्चिम चंपारण में सहकारिता व्यवस्था को मजबूत कर किसानों को पंचायत स्तर पर ही अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है। सहकारिता योजना का मुख्य उद्देश्य पैक्सों को सशक्त बनाकर उन्हें किसानों के लिए बहुउद्देश्यीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके तहत जिले के सभी पैक्सों को बैंक मित्र से जोड़ने की तैयारी है। इससे किसानों को बैंकिंग सेवा, खाद-बीज और फसल की खरीद जैसी सुविधाएं एक ही जगह मिलने की उम्मीद है। वहीं अधिकारियों की टीम ने झखरा और दक्षिण तेल्हुआ पंचायत के पैक्सों का निरीक्षण किया। संयुक्त निबंधक बाबू रजा, जिला सहकारिता पदाधिकारी संजय सिन्हा और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रियाज अहमद ने दस्तावेजों और पैक्स के कामकाज की समीक्षा की।अधिकारियों के अनुसार, पैक्स के माध्यम से किसानों को सहज बैंकिंग सुविधा, उचित दर पर कृषि सामग्री और उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाना योजना का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए सदस्यों के आधार, पहचान पत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड सहित जरूरी दस्तावेजों को अपडेट किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में गांव में ही किसानों की कई जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

महुअवा सगरौवा योजना में 2.03 लाख रुपया भुगतान, फिर भी काम अधूरा! जांच में खुली पोल, 30 सितंबर तक काम पूरा करने का अल्टीमेटम

सहयोग पोर्टल पर मिली शिकायत की जांच में योजना का काम अधूरा पाया गया; पूर्ण नहीं होने पर खर्च राशि की वसूली और कार्रवाई की चेतावनी



लोकल सत्ता/लोकल सत्ता

नरकटियागंज (पश्चिम चम्पारण)। मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के महुअवा सगरौवा पंचायत में जी राम जी योजना से जुड़ी शिकायत की जांच के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कार्यक्रम पदाधिकारी, मैनाटांड़ के कार्यालय से जारी पत्र में योजना संख्या 0512008009/RC/20726132 के संबंध में की गई शिकायत की जांच का उल्लेख किया गया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार योजना की प्राक्कलित राशि 4,97,675 रुपया है, जबकि अब तक 2,02,935 रुपया का भुगतान किया जा चुका है। बावजूद इसके, 3 सितंबर 2026 तक योजना स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने की बात जांच में सामने आई है। पत्र में योजना अभिकर्ता चंद्रभूषण बैठा (पीआरएस) को निर्देश दिया गया है कि योजना को 30 सितंबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित अवधि में कार्य पूरा नहीं होने पर योजना में खर्च की गई राशि की वसूली के लिए वरीय पदाधिकारी को कार्रवाई शुरू करने की अनुशंसा की जाएगी। मैनाटांड़ प्रखंड प्रशासन ने संबंधित पंचायत रोजगार सेवक को भी निर्धारित समय-सीमा में योजना पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। अब देखना यह होगा कि 30 सितंबर तक अधूरी योजना धरातल पर पूरी होती है या फिर सरकारी राशि की वसूली और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की नौबत आती है। दस्तावेज में दर्ज आदेश ने योजना के क्रियान्वयन और सरकारी राशि के उपयोग को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिया हैं।

अजय पटेल हत्याकांड के फरार मुख्य आरोपी असलम पर 10 हजार का इनाम घोषित

एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा, असलम की खबर देने वालों की पहचान रखी जाएगी गुप्त।

लोकल सत्ता/संवाददाता

हरसिद्धि। थाना क्षेत्र के मठलोहियार छतवनीया टोला निवासी अजय पटेल हत्याकांड के फरार मुख्य आरोपी मोहम्मद असलम आलम पर पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा करते हुए उसकी सूचना देने की अपील की है। पुलिस ने आरोपी का फोटो भी जारी किया है। बताया जाता है कि बीते 8 मई को मठलोहियार छतवनीया टोला निवासी अजय पटेल की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को झोपड़ी के खंभे से लटका दिया था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले को लेकर मृतक अजय पटेल की मां प्रेमी देवी ने हरसिद्धि थाना में आवेदन देकर मोहम्मद असलम आलम समेत आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। घटना के बाद से ही पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। हालांकि, मुख्य आरोपी मोहम्मद असलम आलम अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को मोहम्मद असलम आलम के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वालों को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

मानदेय की मांग पर रसोईयों की हुंकार, 28 सितंबर को पटना कूच का ऐलान



लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

बेतिया। हक, सम्मान और बेहतर मानदेय की मांग को लेकर विद्यालय रसोईयों ने आंदोलन को धार देने का ऐलान किया है। बिहार राज्य विद्यालय रसोईया यूनियन एटक का चौथा जिला सम्मेलन बलिराम भवन सभागार में शंभुनाथ मिश्र, रामाश्रय हजरा व गोदावरी देवी की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में 28 सितंबर को पटना में प्रस्तावित राजभवन मार्च में पश्चिम चंपारण से हजारों रसोईयों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन की शुरूआत दिवंगत सेविका, सहायिका, आशा, रसोईया, एंबुलेंस कर्मियों, मजदूरों-किसानों तथा नेपाल आपदा में जान गंवाने वालों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर हुई। किसान नेता बबलू दूबे ने उद्घाटन करते हुए सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर सवाल उठाया और मध्याह्न भोजन योजना को एनजीओ के हवाले करने का विरोध किया। प्रदेश अध्यक्ष सह एटक बिहार के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि बड़े कॉरपोरेट के कर्ज माफ हो रहे हैं, लेकिन रसोईयों के उचित मानदेय के लिए राशि नहीं है। उन्होंने दावा किया कि संगठन के संघर्ष से बिहार सरकार से रसोईयों को 2300 रुपये मिल रहे हैं। सम्मेलन में राधामोहन यादव, रंजना चौहान, सुनील राम, आदर्श मणि तिवारी समेत अन्य नेताओं ने समर्थन जताया। लालबाबू राम ने तीन वर्षों के संगठनात्मक कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया, जिस पर विभिन्न प्रखंडों से आए रसोईयों ने चर्चा की।

मैनाटांड़ से पटना तक सीधी बस सेवा का रास्ता साफ, जल्द दौड़ेगी बस!

परिवहन मंत्रालय से सैद्धांतिक सहमति मिलने का दावा, परमिट मिलते ही शुरू होगी सेवा; मरीजों, छात्रों और आम यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत



लोकल सत्ता/संवाददाता

नरकटियागंज (पश्चिम चम्पारण)। मैनाटांड़ क्षेत्र के लोगों के लिए पटना तक सीधी बस सेवा शुरू होने की उम्मीद अब और मजबूत हो गई है। विधायक समृद्ध वर्मा की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, मैनाटांड़ से पटना के बीच सीधी बस सेवा के लिए परिवहन मंत्रालय से सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। अब परमिट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही सड़क पर बस सेवा शुरू होने की बात कही गई है। पटना जाने वाले मरीजों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और आम यात्रियों को लंबे समय से सीधी परिवहन सुविधा के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में यात्रियों को कई स्थानों पर बस बदलनी पड़ती है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ते हैं। सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा ने कहा कि मैनाटांड़ के लोगों की हर जरूरी सुविधा को क्षेत्र तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने इसे किसी पर एहसान नहीं, बल्कि जनता के हक की सुविधा बताया है। यदि यह बस सेवा शीघ्र शुरू होती है, तो मैनाटांड़ क्षेत्र के लोगों के लिए पटना आवागमन काफी आसान, सुविधाजनक और कम समय वाला हो सकता है। अब लोगों की नजर परमिट प्रक्रिया पूरी होने और बस सेवा की आधिकारिक शुरूआत पर टिकी है।

1.25 लाख लंबित ई-चालानों पर लोक अदालत में लगेगी मुहर, 7 से शुरू होगा प्री-रजिस्ट्रेशन

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

बेतिया। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े 1.25 लाख से अधिक लंबित चालानों के निपटारे की कवायद शुरू हो गयी है। आगामी 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में 90 दिनों से अधिक पुराने ई-चालानों का निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए 7 सितंबर से प्री-रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। कार्रवाई मुख्यमंत्री यातायात चालान निपटान योजना 2026 के तहत होगी। जिला परिवहन पदाधिकारी अमित राज ने बताया कि परिवहन विभाग के निर्देश पर लंबित ई-चालानों का जिलावार डाटा तैयार कर लिया गया है। परिवहन विभाग, मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा जारी चालान भी इसके दायरे में रहेंगे। इसके अलावा टोल प्लाजा से जारी लंबित ई-चालानों का भी लोक अदालत में निपटारा होगा। लोगों को प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए जागरूकता प्रचार रथ रवाना किया गया है, जो 10 सितंबर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करेगा। संबंधित अधिकारियों को अधिकाधिक मामलों के त्वरित निष्पादन की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

किशनगंज के शिक्षक शहजाद अनवर राजा को मिलेगा राजकीय शिक्षक सम्मान

शिक्षा में नवाचार, डिजिटल शिक्षण और सामुदायिक सहभागिता के प्रयासों को मिली राज्य स्तर पर पहचान।

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

किशनगंज। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए किशनगंज के शिक्षक शहजाद अनवर राजा को वर्ष 2026 के राजकीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित किया गया है। मध्य विद्यालय बेलवा काशीपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक शहजाद अनवर राजा को शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित 38 शिक्षकों में किशनगंज से उनका चयन जिले के शिक्षा जगत के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। शहजाद अनवर राजा के सम्मान के लिए चयनित होने की खबर से मध्य विद्यालय बेलवा काशीपुर, माध्यमिक विद्यालय बेलवा काशीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इसे किशनगंज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्हें बधाई दी है। शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय शहजाद अनवर राजा ने पारंपरिक शिक्षण पद्धति के साथ डिजिटल एवं कठळ आधारित शिक्षा,



नवाचार, खेल एवं अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यार्थियों में सीखने की रुचि विकसित करने के साथ-साथ छात्राओं के सशक्तीकरण और विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों को विद्यालय से जोड़ने की दिशा में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के विकास में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर विशेष जोर दिया। उनके इन्हीं प्रयासों को राज्य स्तर पर पहचान मिलने के बाद अब किशनगंज का नाम भी राजकीय शिक्षक सम्मान की सूची में दर्ज हुआ है। सम्मान के लिए चयनित होने पर शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और शिक्षा प्रेमियों ने कहा कि शहजाद अनवर राजा की उपलब्धि जिले के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अन्य शिक्षकों को भी नई ऊर्जा देगा। वहीं, शहजाद अनवर राजा ने सम्मान के लिए चयनित किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे अपने विद्यार्थियों, सहकर्मियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के स्नेह व सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की नई प्रेरणा देगा।

सेवा संकल्प अभियान पर भाजपा की कार्यशाला

यह अभियान प्रधानमंत्री के सेवा भाव और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा - मंत्री

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

किशनगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान को जिले में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने की रणनीति को लेकर शनिवार को शहर के धरमगंज-मझिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने की। इस दौरान अभियान की रूपरेखा, कार्यक्रमों के संचालन तथा बूथ स्तर तक संगठन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी की



ओर से बताया गया कि पूरे जिले के सभी मंडलों और बूथों तक अभियान को पहुंचाते हुए विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आधुनिक युग के राष्ट्रनिमार्ता के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का बेमिसाल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के सेवा भाव और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। मंत्री ने कार्यकताओं से अभियान को गांव, पंचायत, मंडल और बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को इससे जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यापक जनभागीदारी के साथ अभियान को सफल बनाना भाजपा कार्यकताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला में प्रदेश नेत्री श्रीमती सीमा झा, बिहार अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह उर्फ लख्खा सिंह सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता पंकज कुमार साहा उर्फ मानू ने किया। कार्यशाला में जिला एवं मंडल स्तर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण के साथ जल संरक्षण का संदेश

वृक्षारोपण के साथ जल संरक्षण का संदेश, किसानों ने लिया हरियाली बढ़ाने का संकल्प

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

किशनगंज। कृषि विज्ञान केंद्र, किशनगंज की ओर से अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत वनीकरण एवं जल संरक्षण अभियान को लेकर मोतीहारा तालुका पंचायत के कालीभीटा एवं मेदा गांव में वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और जल की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प लिया।इस दौरान किसानों एवं ग्रामीणों के बीच फलदार एवं बहुउपयोगी पौधों का वितरण कर पौधारोपण कराया गया। कार्यक्रम के लिए पौधे वन विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए थे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, मृदा क्षरण और जल संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण के साथ



जल संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा और नियमित देखभाल करना भी जरूरी है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने 'Catch the Rain– जहां पानी, वहां उसका संचयन अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि वर्षा जल को बहकर नष्ट होने देने के बजाय मेड़बंदी, तालाब, सोख्ता गड्ढों और अन्य स्थानीय संरचनाओं के माध्यम से संरक्षित किया जाना चाहिए। इससे भूजल पुनर्भरण, मिट्टी में नमी और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ती है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद जुबेर आलम ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुखिया प्रतिनिधि ताजिमुल हक ने पंचायत के प्रत्येक परिवार को वृक्षारोपण अभियान से जोड़ने पर जोर दिया। कृषि प्रसार वैज्ञानिक डॉ. अलीमुल इस्लाम ने कृषि वानिकी को किसानों की अतिरिक्त आय का प्रभावी माध्यम बताया। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. कन्हैया लाल ने वृक्षों को मृदा संरक्षण, नमी बनाए रखने और खेतों के सूक्ष्म वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में किसानों को संदेश दिया गया कि एक पौधा लगाएं, उसकी जिम्मेदारी निभाएं और वर्षा जल की हर बूंद बचाएं। ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों की देखभाल और जल संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

मध्य विद्यालय चकिया उर्दू के प्रधानाध्यापक फारूक अंसारी शिक्षक सम्मान से सम्मानित

जिलाधिकारी ने किया सम्मानित।

लोकल सत्ता/संवाददाता

चकिया(पूर्वी चंपारण)। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मध्य विद्यालय चकिया उर्दू के प्रधानाध्यापक और चकिया के गौरव मो. फारूक अंसारी को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने उन्हें शाल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी प्रेक्षागृह , मोतिहारी में जिला शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिनमें चकिया प्रखंड से फारूक अंसारी भी शामिल हैं। प्रधानाध्यापक फारूक अंसारी ने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। नामांकन में वृद्धि उनके प्रयास से पिछले दो वर्षों में विद्यालय में नामांकन बढ़ा है। भवन और साफ-सफाईविद्यालय परिसर को आदर्श और स्वच्छ बनाया गया। उर्दू के साथ हिंदी-अंग्रेजी में भी बेहतर रिजल्ट



बच्चों की पढ़ाई और अनुशासन में सुधार। अभिभावकों से संपर्क ड्रॉपआउट बच्चों को वापस स्कूल लाने में सराहनीय कार्य किया है जिसके फलस्वरूप उन्हें सम्मानित किया गय है। सम्मान की खबर मिलते ही मध्य विद्यालय चकिया उर्दू में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान पूरे चकिया के लिए गर्व की बात है।चकिया के शिक्षकों और विद्वानों ने मुहम्मद फारूक अंसारी को बधाई दी है। बधाई देने वालों में जावेद अंसारी समाचार संपादक दूरदर्शन पटना, डॉक्टर अकील मुश्ताक, फिरोज आलम, नजराना खातून इमरान आलम, जुम्मादीन मियाँ, अबदुल्लाह अंसारी, जमील अख़्तर शाहिद रजा, हशमुद्दीन, निकहत अंजुम, मेंहदी हसन अंसारी, जन्नत अली,शाहिद नवाज, नौशाबा अंसारी, मुहम्मद बशीर आलम, रफत सबा,नवाब अली,जाहिर हुसैन, खालिद हाश्मुल्ला और शकील शागिल के नाम उल्लेखनीय हैं प्रधानाध्यापक फारूक अंसारी ने कहा, "यह सम्मान मेरा नहीं, मेरे पूरे विद्यालय परिवार और बच्चों का है। मैं डीएम साहब और शिक्षा विभाग का आभारी हूं। आगे भी पूरी निष्ठा से शिक्षा के लिए काम करता रहूंगा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चकिया सहित जिले के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

विधायक शाहीन पहुंचे पीर जलालुद्दीन साहेब के मजार पर, मांगी अमन चैन की दुआ

लोकल सत्ता/संवाददाता

समस्तीपुर। शहर के ताजपुर रोड रेलवे लाइन के पास स्थित हजरत पीर मखदूम जलालुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की मजार शरीफ पर सालाना उर्स-ए-मुबारक के इस नूरानी और रूहानी मौके पर हाजरी देने का मौका मिला, यह मेरे लिए बड़ी खुशनसीबी की बात है। उक्त बाते समस्तीपुर के पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम ने कही। उन्होंने मजार शरीफ पर अकीदत के साथ चादरपोशी और गुलपोशी की है और यहाँ आकर दिल को एक अजीब सा सुकून मिला है। हजरत पीर मखदूम जलालुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह जैसे सूफी बुजुर्गों ने अपनी पूरी जिंदगी इंसानियत, मोहब्बत, भाईचारे और अमन का पैगाम देने में गुजार दी। उन्होंने कभी जात-पात, धर्म-मजहब का भेद नहीं किया। उनका आस्ताना हमेशा से सभी मजहब के लोगों के लिए खुला रहा है और आज भी यहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी मजहब के मानने वाले आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं। यही हमारी गंगा-जमुनी तहजीब है और यही समस्तीपुर की खूबसूरती है। आज इस मुकद्दस मौके पर मैंने अल्लाह ताला से दुआ की है कि हमारे मुल्क हिन्दुस्तान में अमन और शांति कायम रहे, हमारे बिहार में तरक्की हो, हमारे समस्तीपुर में भाईचारा बना रहे। नफरत की आंधी जो



आज देश में चल रही है, सूफी संतों का पैगाम ही उसे खत्म कर सकता है। मैं उर्स कमिटी के सभी साथियों का, विशेषकर यहाँ के खादिम साहिबान का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ, जिन्होंने इतने अच्छे तरीके से इस उर्स-ए-मुबारक का इंतजाम किया और सभी अकीदतमंदों का ख्याल रखा। अल्लाह ताला हम सभी की जायज तमन्नाओं और दुआओं को कबूल फरमाए और हजरत के सदके में हम सब पर अपनी रहमत बनाये रखे।

भावी शिक्षकों ने गंगा ग्लोबल बीएड कालेज में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस समारोह

लघु नाटक : "गुरुकुल से गूगल तक" रहा मुख्य आकर्षण

लोकल सत्ता/संवाददाता

बेगूसराय। गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन रमजानपुर बेगूसराय में सत्र 2025-27 एवं 2026-28 के प्रशिक्षुओं ने हर्षोल्लास के साथ डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। सभी प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काटकर किया। प्रदर्शनकारी कला के प्राध्यापक परवेज यूसुफ ने कहा कि शिक्षा के साथ कला-संस्कृति को शामिल करना आज समय की मांग है। वैसे दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में शिक्षा में नाटक और कला को शामिल है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुकृति, शौर्या, सोनम प्रिया, काजल, भानु प्रिया, अमन कुमार, प्रेरणा प्रवीण, अनीशा कुमारी, प्रज्ञा, अनन्या, स्वर्ण प्रिया,



चाहत, प्रेरणा, सोना, सोनू , विभा, पुष्पांजलि, पल्लवी, अंकिता, स्नेहा, अनीशा, अंजलि, आंचल, कंचन ने गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत किया। अनुकृति और काजल ने पीपीटी के माध्यम से पुरानी यादों को प्रस्तुत किया। स्वर्ण प्रिया, सपना, बंदना, नव्या ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लघु नाटक- गुरुकुल से गूगल तक रहा। जिसमें प्राचीन काल, आधुनिक काल तथा वर्तमान समय में चल रहे आनलाइन शिक्षा को दिखाने का प्रयास किया गया जिसमें भूमिका का निर्वाह किया बंदना, अनन्या, अंकिता, चाहत, रोहितं, मिथुन, राजा, सपना, किशन, करीना, शुभ्रा, नव्या, सोनू , विशाल, गौरव, प्रिंस, शिवम ने। उक्त अवसर पर प्रो परवेज यूसुफ, डॉ.सुधाकर पांडेय, प्रो.अमर कुमार, डॉ. अनीता एस, प्रो पिंटू कुमार, डॉ.राजवंत सिंह, आलोक कुमार, अरविंद कुमार तथा मनीष कुमार अकेला को प्रशिक्षु ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया। प्राध्यापकों ने अपने संबोधन में सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी कि भविष्य में आप सभी अच्छे शिक्षक बने। मंच संचालन प्रथम वर्ष की अनन्या कुमारी और अमन कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन द्वितीय वर्ष की रोशनी सिन्हा ने किया।

धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

लोकल सत्ता/संवाददाता

मंसूरचक (बेगूसराय)। शिक्षक दिवस के अवसर पर आर्ट्स क्लासेज सोहिलवाडा. के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह गुरुकुल प्रणाली कि परंपरा को आत्मसात करते हुए मनाया गया।विद्यार्थियों के द्वारा गुरुओं के सम्मान में भारतीय संस्कृति और परंपरा को समन्वित करते हुए,भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के संगीत,नृत्य,से सम्मानित किया गया।ग्रामीण समाज में बच्चों कि प्रस्तुति ने विविधताओं में एकता को



चरितार्थ किया। संस्था के पूर्ववर्ती,और बर्तमान विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। वही मुख्य अतिथि के रूप में मध्य विद्यालय छबीलापुर के प्रधानाध्यापक सह प्राथमिक शिक्षक संघ बेगूसराय के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी रहे। समारोह में इस क्षेत्र के शिक्षाविद,विजय कुमार आर्य,गौतम बिहारी,राजेश कुमार,डॉ.संजय कुमार, मनीष झा,अजीत झा,सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने आशीर्वाद प्रदान किया। आयुषी प्रिया ने अपने मधुर गायन से मंत्रमुग्ध किया। अंत में मनीष झा ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की।

गुठनी मे सीजेपी कार्यकताओं ने निकाली पैदल जागरूकता रैली



लोकल सत्ता/संवाददाता

गुठनी (सीवान)। कॉकरोच जनता पार्टी के वोलेंटियर्स द्वारा रविवार को पैदल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली आरंभ गुठनी चौराहे से हुआ जहां पहले सीजेपी कार्यकर्ता गुठनी चौराहे पर एकत्र हुये और गोलंबर पर महात्मा गांधी की तस्वीर रखकर उसपर माल्यापर्ण करने के बाद हाथ मे आजादी के तमाम क्रांतिकारियों की तस्वीर लेकर यात्रा आरंभ की। कार्यकताओं ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में समुचित विकास के लिये आम लोगों के बीच जागरूकता लाना और उसे निरंतर कायम रखना जरूरी है जिसके निमित्त सीजेपी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता ही बदलाव की पहली सीढ़ी है। जागरूक नागरिक से मजबूत समाज बनता है और शिक्षा क्षेत्र में बेहतर परिणाम दिखता है। कार्यकताओं का यह पैदल जागरूकता रैली गुठनी चौराहा से आरंभ होकर गुठनी प्रखंड सह अंचल कार्यालय होते हुये गुठनी बाजार, तेनुआ मोड़,पटेल चौक सहित नगर पंचायत के कई वार्डो में भ्रमण किया। कार्यकर्ता जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थे। कदम से कदम मिलाएं बेहतर समाज बेहतर बिहार बनाएं।

कृष्ण जन्माष्टमी बाल मेला सीजन-3 में सैकड़ों बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लोकल सत्ता/संवाददाता

सीवान। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कृष्ण जन्माष्टमी बाल मेला सीजन-3 का भव्य आयोजन शिव ब्रतसाह मंदिर के प्रांगण में किया गया। मेले में सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूपों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक



प्रस्तुतियों और उत्साह ने कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की उपस्थित अभिभावकों एवं दर्शकों ने जमकर सराहना की।आयोजन की खास बात यह रही कि सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक उपहार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सम्मान स्वरूप गिफ्ट और सर्टिफिकेट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजकों की इस पहल की अभिभावकों ने भी सराहना की। कार्यक्रम के आयोजक चित्रकार रजनीश कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना तथा उन्हें भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं से जोड़ना है। सुनील अरोड़ा व देवाशीष ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनके भीतर छिपी रचनात्मकता को मंच देने के लिए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे।कार्यक्रम में प्रतिभागी अंजना, कान्हा, शंकर, किरत, अद्विक, अद्वित, संस्कार, कुणाल, दिव्या, प्रियांशु, आराध्या, वैष्णवी, नित्या, श्रेयांश, अद्रिजा, नायरा, कृषी, रवि, वासु, आर्यन, शौर्य, ऋषभ, भानु, सिवनी, अथर्व, रीवा, ऋषभ, अवनी, रिया, रोशनी, देशु, नित्या, सान्वी, श्रद्धा, विनायक, मुन्ना, प्राची, अद्यंत, शिवांश, हेतांश, शिवन्या, उज्जवल, मिस्टी, रेयांश, अनुराग, विराज, रिया, अनु, अद्विक, रुहान, अक्षत, प्रियांशी, आदि सहित सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन के सफल संचालन में शंभू सोनी, धन्नजय कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस खास मौके पर नेहा कुमारी, संजू मौर्य, प्रतीक, नवीन, मुस्कान, उत्कर्ष, रवि, अजमेर, विशाल, पूजा, निशा, श्वेता, अर्पणा, श्रुति आदि मौजूद थे।अंत में आयोजक मंडल की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अमनदीप सिंह, परमिंदर कौर, अश्वनी शर्मा, भानु कुमार आदि एवं सभी अभिभावकों, प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं उपस्थित दर्शकों के प्रति आभार

सरयू पार करने की मजबूरी में जान जोखिम में डाल रहे लोग

लोकल सत्ता/संवाददाता

सीवान। सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने और पीपा पुल हटाये जाने के बाद दरौली पंचमदीरा घाट से उत्तर प्रदेश के खरीद गांव तक नाव से नदी पार करना लोगों की मजबूरी



बन गया है। रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, दूध व सब्जी विक्रेता और आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोग नावों का सहारा ले रहे हैं। आरोप है कि यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर नाव संचालक क्षमता से अधिक सवारियां बैठा रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह सात से नौ बजे के बीच घाट पर सबसे अधिक भीड़ रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि 25 से 30 यात्रियों की क्षमता वाली नावों पर कई बार 70 से 100 तक लोगों को बैठा दिया जाता है। इसके अलावा साइकिल, बाइक और भारी सामान भी नाव पर लाद दिया जाता है। इससे नदी पार करते समय हादसे का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर चलने वाली कई नावें पुरानी हो चुकी हैं। यात्रा के दौरान नाव में पानी भरता रहता है, जिसे चालक बीच-बीच में बाहर निकालते हैं। ऐसे में अधिक यात्रियों और सामान के साथ सफर करना और भी जोखिम भरा हो जाता है।पीपा पुल हटने के बाद दोनों किनारों के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में जाने पर करीब 80 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। समय और पैसे बचाने के लिए लोग नाव से ही नदी पार करना पसंद करते हैं।ग्रामीणों ने नावों की फिटनेस, क्षमता और सुरक्षा मानकों की नियमित जांच कराने, क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को बैठाने और जर्जर नावों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के दौरान कुछ दिनों तक व्यवस्था सुधरती है, लेकिन बाद में फिर स्थिति पहले जैसी हो जाती है।दरौली अंचलाधिकारी विद्याभूषण भारती ने कहा कि मामले की सूचना मिली है। वह स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दी जाएगी।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

राजनगर का राज पैलेस जो खंडहर बन रही है, पर्यटन का सपना अब भी अधूरा

लोकल सत्ता/प्रदीप कुमार नायक

मधुबनी। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर बसा राजनगर, कभी दरभंगा महाराज की राजधानी रहा है। यहीं पर महाराजाधिराज रामेश्वर सिंह द्वारा 18वीं शताब्दी के अंत में बनाया गया विश्व प्रसिद्ध नवलखा पैलेस (राज परिसर) आज भी अपनी भव्यता की कहानी कहता है, लेकिन देख-रेख के अभाव में यह धरोहर धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होती जा रही है।

वास्तुकला का बेजोड़ नमूना

नवलखा पैलेस मिथिला की वास्तुकला, स्थापत्य कला, रंग-रोगन और कलाकृति का अद्भुत संगम है। कहा जाता है कि इसमें 9 लाख से अधिक निर्माण सामग्री लगी, इसलिए इसे नवलखा कहा गया। सफेद संगमरमर, बेल्जियम के शीशे, यूरोपीय टाइल्स और मिथिला चित्रकारी से सजा यह महल 1934 के भीषण भूकंप में क्षतिग्रस्त हो गया था। तब से आज तक इसका पूरी तरह से जीर्णोद्धार नहीं हो पाया।

मेरा घोषणा पत्रः विकास ही पहली प्राथमिकता

स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार प्रदीप कुमार नायक का कहना है कि आम तौर पर नेता चुनाव में घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद उसकी समीक्षा नहीं होती। राजनगर के विकास के लिए कुछ बुनियादी मांगें दशकों से लंबित हैंः

1. राज पैलेस को पर्यटक स्थल घोषित किया जायः उक्त परिसर का संरक्षण, संवर्धन और विकास कर इसे जनहित में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाय। यहाँ म्यूजियम, लाइट एंड साउंड शो, मिथिला पेंटिंग गैलरी और गार्डन बनाया जा सकता है, जिससे स्थानीय रोजगार बढ़ेगा।

2. 1997 का कृषि महाविद्यालय आज भी अधूराः 2 अक्टूबर 1997 को तत्कालीन राज्यपाल डॉ. ए.आर. किदवई ने केन्द्रीय कृषि मंत्री चतुरानन मिश्र और बिहार के मंत्री राम कुमार महासेठ की उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय का शिलान्यास किया था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका।

3. एफ.एम. रेडियो स्टेशन का वादा 2003 से लंबितः वर्ष 2003 में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने राजनगर में एफ.एम.





प्रसारण केन्द्र का शिलान्यास किया था। राधा कृष्ण ट्रस्ट की जमीन भी चयनित हुई, अपर समाहर्ता मधुबनी ने पत्रांक 1394/05 से नगर परिषद और अंचलाधिकारी को पत्र भी लिखा, पर 23 साल बाद भी यह केवल कागजों में है।

4. अन्य बुनियादी मांगेंः

- राजनगर में महिला महाविद्यालय खोला जाय।
- मिथिला पेंटिंग को उद्योग का दर्जा देकर महिला सशक्तिकरण हो।
- दरभंगा-जयनगर रेलखंड पर राजनगर स्टेशन पर सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव हो।
- सभी गांवों में सिंचाई के लिए कम से कम 20 घंटे बिजली और जर्जर सड़कों का निर्माण हो।
- रामपट्टी को प्रखंड और झंझारपुर को जिला का दर्जा दिया जाय।

मुख्यमंत्री का 30 मिनट का मौन दौरा।

बीते रविवार, 6 सितंबर को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 3:15 बजे अचानक नवलखा पैलेस पहुंचे और 3:45 बजे बिना कोई बयान दिए लौट गए। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि पर्यटन को लेकर कोई बड़ी घोषणा होगी, लेकिन मौन दौरे ने निराशा बढ़ा दी। स्थानीय व्यक्ति राजेंद्र शर्मा कहते हैं, हम सोच रहे थे कुछ घोषणा होगी, लेकिन वे बिना कुछ बोले चले गए।

निष्कर्षः राजनगर राज पैलेस सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, मिथिला की आत्मा है। अगर सरकार इसे बचाने के लिए अविलंब ठोस पहल नहीं करती, तो आने वाली पीढ़ी इसे सिर्फ तस्वीरों में देखेगी। अब वक्त है कि घोषणा पत्र के वादे कागज से निकलकर धरातल पर दिखें।

बाल विवाह के खिलाफ 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित, शिवहर के जमीनी अभियान को मिली वैश्विक पहचान

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

शिवहर। बाल विवाह के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने का बिहार ग्राम विकास परिषद ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे बाल विवाह के विरुद्ध देशभर में चलाए जा रहे अभियान और नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के प्रयासों की वैश्विक मान्यता बताया। प्रेस वार्ता में बिहार ग्राम विकास परिषद के महामंत्री डॉ. रामचंद्र राय ने कहा कि भारत से उठी आवाज अब पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। उन्होंने कहा कि 27 नवंबर की तारीख का विशेष महत्व है, क्योंकि वर्ष 2024 में इसी दिन भारत सरकार ने नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा गौरव का विषय है, लेकिन अब इस संकल्प को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि शिवहर में सरकार और प्रशासन के सहयोग से कानूनी हस्तक्षेप के माध्यम से कई बाल विवाह रुकवाए गए हैं। इसके साथ ही स्कूलों, पंचायतों और गांवों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।



लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई तथा आर्थिक रूप से कमजोर और संवेदनशील परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का दोबारा स्कूलों में नामांकन कराया गया। धर्मगुरुओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और समुदाय के लोगों को अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन का रूप दिया गया है। डॉ. राय ने कहा कि केवल कानून बनाकर बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण और सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक जिले के किसी गांव में एक भी बच्चा बाल विवाह के खतरे में है, तब तक अभियान को पूरी तरह सफल नहीं माना जा सकता। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह की समाप्ति के लिए अलग अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में उन्होंने इस मांग को फिर प्रमुखता से उठाया। इसके बाद सिएरा लियोन ने भारत सहित 67 देशों के समर्थन वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया, जिसे 4 सितंबर को पारित किया गया। जेआरसी सहयोगी संगठनों के साथ देश के 782 जिलों में अभियान चला रहा है। संगठन के अनुसार अब तक 5.50 लाख से अधिक बाल विवाह रुकवाए गए हैं। उपस्थित लोगों ने इसे सरकार, प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। मौके पर जिला समन्वयक अनिल कुमार, सामाजिक सामुदायिक कार्यकर्ता आरती कुमारी, रूना कुमारी तथा मीडिया सपोर्ट पर्सन कमलसेन कुमार उपस्थित रहे।

पुनौरा धाम मंदिर निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

समय-सीमा के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश

लोकल सत्ता/संवाददाता

सीतामढ़ी। पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने रविवार को मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंदिर निर्माण सहित परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। निर्माण एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों के साथ अस्थायी निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सड़क नेटवर्क, संपर्क मार्ग तथा परिसर से जुड़े अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने परियोजना को सरकार की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में बताते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। मंदिर परिसर में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को आपसी समन्वय के साथ लंबित प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से आगे बढ़ सके। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने मंदिर निर्माण एवं परिसर में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



शिवहर ज़िला कार्यकारिणी समिति की बैठक में जनसुराज ने आसिफ इकबाल को दी अहम जिम्मेदारी, जिला संगठन का बनाया उपाध्यक्ष

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

शिवहर। जनसुराज पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण .कदम उठाते हुए शिवहर के पूर्व जिला युवा अध्यक्ष और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल आसिफ इकबाल को जिला संगठन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।इस अवसर पर जिला प्रभारी नवल राउत ने आसिफ इकबाल को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और सक्रियता से शिवहर जिले में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को बूथ एवं पंचायत स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। विदित हो कि आसिफ इकबाल जनसुराज के शुरूआती दौर से ही पार्टी से जुड़े रहे हैं और



शिवहर जिले में पार्टी के एक सक्रिय एवं भरोसेमंद जमीनी कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और शीर्ष नेतृत्व के साथ निरंतर संवाद के कारण उन्हें पार्टी के मजबूत स्तंभों में गिना जाता रहा है। आसिफ इकबाल की राजनीतिक एवं संगठनात्मक यात्रा जनसुराज की अभियान समिति के सदस्य के रूप में शुरू हुई। वर्ष 2024 के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस चुनाव में जनसुराज के उम्मीदवार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। चुनाव के दौरान आसिफ इकबाल की सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गंभीरता से लिया।इसके बाद उनकी जिम्मेदारियों में लगातार इजाफा हुआ और उन्हें शिवहर जिले का जिला युवा अध्यक्ष बनाया गया। जिला युवा अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव भी हुआ। शिवहर विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा। चुनाव प्रचार के दौरान आसिफ इकबाल ने क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार के पक्ष में जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई।शिवहर विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज के उम्मीदवार नीरज कुमार को लगभग 14 हजार वोट प्राप्त हुए। पार्टी संगठन के विस्तार और चुनावी गतिविधियों में आसिफ इकबाल की सक्रिय भागीदारी को इस दौरान भी प्रमुखता से देखा गया। आसिफ इकबाल की सक्रियता केवल शिवहर जिले तक सीमित नहीं रही। वह प्रदेश स्तर पर भी पार्टी की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। समय-समय पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकों और विचार-विमर्श में भी उनकी भागीदारी रही है।हालिया बांकीपुर उपचुनाव के दौरान भी आसिफ इकबाल ने पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गली-मोहल्लों में पहुंचकर जनसंपर्क किया और पार्टी के पक्ष में प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान शिवहर जिले की ओर से उन्होंने पार्टी की गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई।पार्टी नेतृत्व का मानना है कि आसिफ इकबाल जैसे अनुभवी और जमीनी कार्यकताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से शिवहर में जनसुराज को और मजबूती मिलेगी। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पार्टी कार्यकताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है।

आसिफ इकबाल को जिला संगठन का उपाध्यक्ष बनाए जाने को शिवहर में जनसुराज के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लंबे समय से पार्टी की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले इकबाल को संगठन और कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामाधार साह, जिला महामंत्री राम प्रवेश सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र कुमार, कार्यालय प्रभारी अजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला सचिव अनुज कुमार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जच्चा बच्चा संदिग्ध मौत मामले में निलंबन और तबादला नहीं, बर्खास्तगी और एफआईआर करें : अजय खरे

कल्पना को मरणोपरांत न्याय की मांग में हो रहे विलंब से बढ़ रहा जन आक्रोश

लोकल सत्ता/संवाददाता

रीवा। स्थानीय संजय गांधी अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के चलते कल्पना मिश्रा और उसके नवजात शिशु की संदिग्धावस्था में हुई मौत मामले को लेकर स्थानीय सिरमौर चौराहा में मृतका के पिता राम शरण मिश्रा के द्वारा पांच दिन से जारी अनशन धरना कार्यक्रम के समर्थन में समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह की ओर से लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, श्रवण प्रसाद नामदेव, मीरा पटेल, डॉ सुरेंद्र कुमार मिश्रा, अजय शर्मा, गफूर खान, शेषमणि शुक्ला,अशोक सोनी, डॉ श्रद्धा सिंह दुर्गा साकेत आदि ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर सक्रिय भागीदारी निभाई। जनसंगठनों के नेता लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि कल्पना मिश्रा (जच्चा बच्चा) की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के 12 वें दिन भी मरणोपरांत न्याय नहीं मिल पाया है। मृतका के अनशनकारी वृद्ध पिता के स्वास्थ्य में तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है। मामले में न्याय की जगह लीपा-पोती का गंदा खेल शुरू है। कल्पना के अनशनरत पिता रामचरण मिश्रा चाहते हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा बदलाव और दोषी चिकित्सकों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए ताकि जो कुछ गलत हुआ वह भविष्य में दोहराया ना जा सके। विषम परिस्थितियों एवं भारी दबाव के बावजूद सरकार के द्वारा दी जाने वाली 200000 रुपए मुआवजे राशि और अन्य लाभ को ठुकराकर एक दुखी पिता ने न्याय की लड़ाई को मजबूत बनाया है। लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा मामले से संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ अभी तक एफआईआर का नहीं होना, सीबीआई जांच की जगह मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा मामले की लीपापोती है। मृतका कल्पना के मरणोपरांत न्याय में हो रही अनदेखी प्रदेश सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी। इस मामले को जितना अधिक दबाया जा रहा, जन आक्रोश उतना अधिक बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के घर पर प्रदर्शन और इस्तीफा की मांग जन आक्रोश और आंदोलन का विस्तार है। यदि न्याय नहीं मिला तो यह आंदोलन जंतर मंतर तर्ज पर रीवा से भोपाल पहुंचकर प्रदेश की मोहन सरकार को बदलने की आवाज बुलंद कर सकता है।

हरसिद्धि बाजार से एक ही गांव की तीन छात्राएं लापता, परिजनों में दहशत, पुलिस खोजबीन मे जुटी

लोकल सत्ता/संवाददाता

हरसिद्धि। बाजार से रविवार को एक ही गांव की तीन छात्राएं लापता हो गई हैं। छात्राओं के लापता होने से परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर दहशत का माहौल है। मामले को लेकर लापता एक छात्रा के पिता ने हरसिद्धि थाना में लिखित आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार मठलोहियार पंचायत के छतवनिया टोला निवासी जयप्रकाश सिंह ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि उनकी बेटी सहित गांव की दो अन्य बच्चियां रविवार को हरसिद्धि बाजार गई थीं। बाजार जाने के बाद तीनों देर शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। परिजनों ने बताया कि तीनों छात्राएं आपस में सहेली हैं और एक ही गांव की रहने वाली हैं। रविवार को तीनों एक साथ बाजार के लिए निकली थीं। शाम होने के बाद भी जब वे घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान हो गए। रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में भी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद थाने में आवेदन दिया गया। इस संबंध में हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है, जिसमें तीनों छात्राएं बाजार में घूमती हुई दिखाई दे रही हैं। फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की टीम लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही है। जल्द ही तीनों छात्राओं को बरामद कर लिया जाएगा। वहीं घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रेम प्रसंग में घर में घुसकर मां-बेटी को मारी गोली, चार आरोपी गिरफ्तार

लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

शिवहर। श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के लालगढ़ गांव में शनिवार की आधी रात सोई अवस्था में घर में घुसकर मां-बेटी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना के बाद से पुलिस की लगातार छापेमारी जारी है। घायल दोनों मां-बेटी का इलाज मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रिंस कुमार का घायल युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। वह युवती पर घर से भागने के लिए दबाव बना रहा था। युवती द्वारा ऐसा करने से इनकार करने पर आरोपी ने कथित रूप से अपने साथियों के साथ घर में घुसकर मां-बेटी



पर गोली चला दी। गोलीबारी की घटना में मां को तीन तथा बेटी को दो गोलियां लगीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए दोनों को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। एसपी ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने खोखा और पिलेट बरामद किया है। पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर श्यामपुर भटहां थाने में छह नामजद तथा पांच-छह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी की। इस दौरान प्रिंस कुमार, सुधीर सिंह, पप्पू सिंह और अविनाश सिंह उर्फ टकला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जांच तेज कर दी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ अनुशील कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

रिंग बांध रोड निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

लोकल सत्ता/संवाददाता

सीतामढ़ी। जिलाधिकारी सीतामढ़ी श्री तनय सुल्तानिया ने रविवार को शहर में निमार्णाधीन रिंग बांध रोड का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्थिति, सामने आ रही बाधाओं तथा निर्धारित समय-सीमा की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बुडको के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निर्धारित मानकों एवं तकनीकी विशिष्टियों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण का मामला भी सामने आया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में अतिक्रमणवाद चलाया गया था। अब पुनः टीम गठित कर नियमानुसार



अतिक्रमणवाद संचालित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि रिंग बांध रोड पुनौरा धाम तक आवागमन सुगम बनाने के साथ-साथ शहर की कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके निर्माण से शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्माण कार्य में बाधक बन रहे विद्युत पोलों की शिफ्टिंग तथा आवश्यकतानुसार पेड़ों के स्थानांतरण की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, अपर समाहर्ता श्री संजीव कुमार, एसडीओ श्री आनंद कुमार, सीओ डुमरा सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, बरवत सेना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लोकल सत्ता/संवाददाता

बेतिया। लोक शिक्षा समिति, बिहार के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर, नरकटियागंज में 5 सितंबर 2026 को आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर, बरवत सेना के भैया-बहनों ने अपनी बौद्धिक क्षमता, विषयगत ज्ञान एवं उत्कृष्ट प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया, जिसमें बरवत सेना विद्यालय की 13 टीमों ने विजेता स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में संगणक, संस्कृत, वैदिक गणित, संस्कृति एवं विज्ञान सहित विभिन्न विषयों पर भैया-बहनों की ज्ञान एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य भैया बहनों में विषयों के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ तार्किक चिंतन, सामान्य ज्ञान, स्मरण शक्ति, त्वरित



निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना रहा। प्रतियोगिता के परिणामों में संगणक प्रश्नमंच के किशोर वर्ग में विद्यालय की टीम ने प्रथम, बाल वर्ग ने प्रथम तथा शिशु वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार संस्कृत प्रश्नमंच में किशोर वर्ग ने प्रथम तथा शिशु वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वैदिक गणित प्रश्नमंच में विद्यालय के किशोर वर्ग एवं बाल वर्ग ने प्रथम स्थान, जबकि शिशु वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृति प्रश्नमंच में किशोर वर्ग ने द्वितीय, जबकि बाल वर्ग एवं शिशु वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं विज्ञान प्रश्नमंच में बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। इस प्रकार विभिन्न विधाओं में विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 13 विजेता स्थान प्राप्त किए। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। इस अवसर पर चंपारण विभाग के विभाग निरीक्षक श्री ललित कुमार राय जी ने सभी विजेता भैया-बहनों एवं उनके संरक्षक आचार्य-आचायाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं भैया बहनों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास, ज्ञानार्जन एवं निरंतर विकास की भावना को जागृत करती हैं। प्रश्नमंच जैसे आयोजन भैया बहनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें चुनौतियों का सामना करने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर भी देते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री फणीश्वरनाथ जी ने भी सभी विजेता भैया-बहनों एवं उनके मार्गदर्शक आचार्य-आचायाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भैया-बहनों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन, नियमित अभ्यास तथा आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी: एसडीपीओ

थानाध्यक्षों को दिए कई अन्य निर्देश, फरार अपराधियों पर कसे शिकंजा।



लोकल सत्ता/प्रतिनिधि

शिवहर। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुशील कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की. एसडीपीओ अनुशील कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि थाना पर आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए उसके तत्क्षण निवारण का प्रयास करें.एसडीपीओ ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु रात्रि तथा संध्या गश्ती को तेज किया जाए.सभी लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाया जाए ताकि दोषियों को जहां जल्द सजा मिल सके वहीं पीड़ितों को न्याय.एसडीपीओ ने शिवहर को भयमुक्त तथा शांतिपूर्ण वातावरण में संपादित करने हेतु पदाधिकारियों को कई निर्देश भी दिए.मौके पर नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार झा, तरियानी पुलिस अंचल निरीक्षक राजदेव यादव, तरियानी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार गुप्ता,तरियानी छपरा प्रभारी रंजीत कुमार, हिरमा थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पूरनहिया थाना प्रभारी प्रेमजीत सिंह, पिपराही थाना प्रभारी उमाकांत सिंह,फतेहपुर थाना प्रभारी ,श्यामपुर भटहा थाना प्रभारी सुनील कुमार,एससी/एसटी थाना प्रभारी संजय स्वरूप,महिला थाना प्रभारी मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये


गीता को जानें - 69

कर्म, प्रकृति करती है हम नहीं

किसी राजा का नाम 'भिखारी' रख दिया जाए, तो उसमें भिखारी की दीनता नहीं आ जाएगी। वह रहेगा राजा ही। परंतु वह अज्ञानवश स्वयं को दीन-हीन, स्वाभिमान रहित भिखारी मानने लगे, तो उसका व्यवहार विचित्र हो जाएगा। यह आरोपित या थोपा गया भिखारित्व, उसका बंधन बन जाएगा। इसी तरह निर्विकार आत्मा पर अहंकार द्वारा आरोपित कर्तृत्व (कर्तापन) उसका बंधन बन जाता है।



कर्म का रहस्य उद्घाटित करते हुए भगवान ने कहा था कि यज्ञ के लिए और दूसरों के हित (लोकसंग्रह) के लिए जो कर्म किए जाते हैं, वे बंधन नहीं बनते। इसका अर्थ यह है कि कर्म बंधन होगा या नहीं होगा, यह कर्ता की भावदशा और कर्म के उद्देश्य से तय होगा। भौतिक जगत् में ऐसा कोई उदाहरण दिखाई नहीं देता इसलिए इसे समझने में कठिनाई होती है। जैसे किसी व्यक्ति को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से जंजीर से बाँधा जाए या पागल व्यक्ति का उपचार कराने के उद्देश्य से उसे जंजीर में बाँधा जाए, दोनों कार्यों का उद्देश्य पृथक-पृथक है परंतु बाँधने का कार्य तो जंजीर दोनों स्थितियों में करेगी। ऐसी स्थिति में प्रश्न उठता है कि यह कैसे संभव है कि एक ही कर्म उद्देश्य के अनसार बंधन भी हो और मुक्ति का साधन भी बन जाए। इसी शंका का उत्तर देते हुए भगवान कहते हैं - ''प्रकृति के गुणों द्वारा कर्म सब कहीं किए जाते हैं पर अहंकार से मोहित व्यक्ति ऐसा मानता है कि 'कर्ता मैं हूँ' (गीता 3.27)''।



■ ओमप्रकाश श्रीवास्तव

प्रकृति के तीन गुण, सत्त्व, रज और तम, के योग-संयोग से समस्त ब्रह्मांड की सृष्टि हुई है। इसी प्रकार मनुष्य भी दृश्य में आया है। यहाँ मनुष्य से तात्पर्य है उसके तीनों शरीर अर्थात् स्थूल शरीर, शूक्ष्म शरीर (प्राण, मन और बुद्धि) और कारण शरीर। मन, बुद्धि और अहंकार तीनों को सम्मिलित रूप में अंत:करण कहते हैं। यह सभी प्रकृति से पैदा हुए हैं। यह जड़ हैं और आत्मा के प्रकाश में चेतनता प्राप्त करके क्रियाशील होते हैं। आत्मा का विभाग इनसे पूर्णतः पृथक् है। अहंकार प्रकृति का ऐसा अंश है जिसमें प्रकृति के कार्य प्रतिबिंबित होते हैं। किसी बाहरी पदार्थ के साथ हमारा कैसा संबंध है, यह बताने का कार्य अहंकार करता है। अहंकार, मन और बुद्धि का संबंध आत्मा के साथ जोड़ देता है और आत्मा उन्हें अपना स्वरूप मानने लगती है। इसलिए प्रकृति के गुणों से परिचालित मन और बुद्धि के द्वारा किए जा रहे कार्यों को आत्मा स्वयं के द्वारा किए जाने वाले मान लेती है। यह आत्मा पर कर्तृत्व का (कर्ता होने का) भ्रम पैदा कर देता है। इसलिए हमें ऐसा लगने लगता है कि सभी कार्य हमारे द्वारा ही किये जा रहे हैं।

अहम् वास्तव में स्वतंत्र नहीं है, वह भी प्रकृति का दास है। जागृत अहम् निद्रा में नहीं रहता और स्वप्न में एक नया स्वप्नलोकीय अहम् उदित हो जाता है। गहन निद्रा में दोनों अहम् लुप्त हो जाते हैं। प्रकृति, चेतन मन को संचालित करती है पर अहम् सोचता है, यह मैं कर रहा हूँ। तात्पर्य यह कि कर्म तो प्रकृति की शक्तियों से हो रहे हैं हम प्रकृति के गुलाम हैं पर भ्रम यह पाले हैं कि हम ही कर्ता हैं।

कर्म के तत्त्व को न जानने की अज्ञानता के कारण आत्मा पर कर्तृत्व आरोपित हो जाता है। अर्थात् अज्ञान ही कर्म के बंधन का कारण है। अज्ञान के कारण आरोपित धर्म के गुण उस वस्तु में नहीं आ सकते। जैसे किसी राजा का नाम 'भिखारी' रख दिया जाए, तो उसमें भिखारी की दीनता नहीं आ जाएगी। वह रहेगा राजा ही। परंतु वह अज्ञानवश स्वयं को दीन-हीन, स्वाभिमान रहित भिखारी मानने लगे, तो उसका व्यवहार विचित्र हो जाएगा। यह आरोपित या थोपा गया भिखारित्व, उसका बंधन बन जाएगा। इसी तरह निर्विकार आत्मा पर अहंकार द्वारा आरोपित कर्तृत्व (कर्तापन) उसका बंधन बन जाता है।

पश्चिमी दर्शन के अनुसार प्रकृति का केवल एक ही रूप है बाह्य प्रकृति। वे मानते हैं कि मानव शरीर के अंदर की सारी क्रियाएँ, उनसे उत्पन्न विचार आदि, जैविक रसायन शास्त्र या जैविक भौतिक विज्ञान के परिणाम हैं। जबकि वेदांत में प्रकृति के दो रूप हैं पहला जड़ अर्थात् 'अपरा प्रकृति', दूसरा उसका उच्चतर आंतरिक रूप जिसे 'परा प्रकृति' कहते हैं, जो अपने उच्चतम स्वरूप में बुद्धिमत्ता के रूप में व्यक्त होती है। परा और अपरा दोनों प्रकृतियाँ मिलकर ही ब्रह्मांड की संपूर्णता स्थापित करती हैं।

भगवान् का तात्पर्य है कि कर्म हम नहीं करते अपितु प्रकृति के गुणों से कर्म होते हैं। प्रकृति के गुणों द्वारा कर्म कैसे होते हैं, इसे एक उदाहरण से समझने का प्रयास करें। ईश्वर की शक्ति से सृष्टि का उद्भव, स्थिति और विसर्जन होता है। नदियों का बहना, बीज का अंकुरित होकर वृक्ष बनना, भूतप्राणियों के शरीरों का निर्माण होना और वह विनष्ट होना, हमारे शरीर में होने वाली स्वाभाविक क्रियाएँ, जिन पर हमारा नियंत्रण नहीं है जैसे श्वसन, पाचन आदि, स्वैच्छिक क्रियाएँ जिन्हें हम मन और बुद्धि के सहयोग से करते हैं, जैसे चलना, बोलना, उठना, बैठना आदि भी उसी शक्ति से होती हैं। हम कर्ताभाव से कहते हैं कि हमने बीज बोया इसलिए वृक्ष बना। वास्तव में बीज से वृक्ष बनाने का कार्य प्रकृति की शक्तियों ने किया। यदि यह शक्ति न होती तो हमारे बीज बोने मात्र से कुछ नहीं होता।

एक दूसरा उदाहरण लें। प्रकृति के गुणों के कारण हमें भूख लगती है। यह प्रकृति ही है जो हमें भोजन करने के लिए विवश कर देती है। इसलिए अहंकार के कारण जो अपने को कर्ता मानता है, उसे भगवान अहंकार से मोहित (अहंकार विमूढात्मा) कहते हैं। वास्तविकता यही है कि कर्मों का कर्तृत्व प्रकृति के गुणों के पास है न कि आत्मा के पास। इनकी तात्त्विक समझ न होने के कारण हम इन्हें अपने द्वारा की जाने वाली मान लेते हैं और अपने को कार्यों का कर्ता मान लेते हैं।

जो प्रकृति के गुणों की इस लीला को नहीं समझ पाता है, उसे भगवान् ने अहंकार से मोहित कहा है। अब आगे के श्लोक में इस लीला को समझने वाले तत्त्ववित् की जानकारी देते हुए कहते हैं कि - ''हे महाबाहो! गुण और कर्म के विभाजन को ठीक-ठीक जानने वाला ऐसा मानकर कि गुण, गुणों में रहते हैं, आसक्त नहीं होता (गीता 3.28)''। प्रकृति के तीन गुणों के योग-संयोग से पाँच महाभूत, पाँच ज्ञानेंद्रियाँ, पाँच कर्मेंद्रियाँ, पाँच विषय, मन, बुद्धि और अहंकार प्रकट होते हैं। यह सभी 23 तत्त्व प्रकृति के तीन गुणों के कार्य हैं। अतः यह भी गुण ही कहलाते हैं। इन सबको अलग-अलग जानना ही गुणविभाग है तथा इनकी जो विभिन्न चेष्टाएँ (क्रियाएँ) हैं, वह कर्मविभाग है। सभी क्रियाएँ इन्हीं के द्वारा की जाती हैं अतः प्रकारान्तर से इन सभी के कर्ता प्रकृति के गुण हैं। कभी एक गुण दूसरे गुणों को दबाकर प्रबल होता है तो कभी दूसरा गुण अन्य दो गुणों के ऊपर प्रभावी हो जाता है। गुण उत्पन्न होते हैं पारस्परिक क्रिया कर परिवर्तित होते हैं व नष्ट हो जाते हैं। कर्म प्रारंभ होते हैं व समाप्त हो जाते हैं। ऐसा अनुभव करना ही गुण व कर्मों को तत्त्व से जानना है। जो अपने को गुणविभाग व कर्मविभाग से सर्वथा पृथक जान जाता है, वही तत्त्ववित् है। यह बोध हो जाने पर आत्मा की भूल दूर हो जाती है। अभी तक आत्मा जिस कर्म को अपना मान रही थी, उससे वैराग्य हो जाता है, अर्थात अनासक्त हो जाती है। तब कर्मयोग्य सिद्ध हो जाता है। **(क्रमशः)**

(लेखक पूर्व आईएएस अधिकारी हैं)
संस्थापक - देह-विदेह आश्रम
नर्मदापुरम् (मप्र) मो. 9425042643

ज्योतिर्विद
* ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव

साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

रविवार 6 सितम्बर से शनिवार 12 सितम्बर 2026 तक

सम्वत 2083 विक्रमीय। शकाब्द 1948, कलि सम्वत 5127 गताब्द। सूर्य दक्षिणायन। सायन सूर्य से शरद ऋतु आरंभ। रविवार 6 सितम्बर भाद्र पद कृष्णपक्ष दशमी तिथि से शनिवार 12 सितम्बर मान पर शुक्ल प्रतिपदा तिथि तक। **सोमवार 7 सितम्बर:** अजा नाम एकादशी व्रत सभी वैष्णवों व स्मार्तों का एक ही दिन है। **मंगलवार 8 सितम्बर:** मंगलवारी प्रदोष व्रत। सूर्यास्त बाद 48 मिनिट के औसत प्रदोष काल में शिव मंत्र जप पूजन ध्यान का विशेष महत्व है। **बुधवार 9 सितम्बर:** जैन पर्यूषण पर्व। **शनिवार 12 सितम्बर:** भाद्र पद शुक्ल पक्ष आरंभ। आज चन्द्र दर्शन सम्भव। सामवेदियों का उपाकर्म हस्त नक्षत्र दोपहर 12.55 से उपलब्ध। **अगले सप्ताह:** सोमवार 14 सितम्बर को गणगौर हरितालिका तीज व्रत। आज तृतीया सुबह 7.07 बजे तक फिर चतुर्थी तथा आज ही सिद्ध विनायक व्रत। गणेश चतुर्थी, कलंक चतुर्थी, आज का चन्द्र दर्शन नहीं करना चाहिए। देख लेने पर श्रीमद् भागवत वर्णित श्रीकृष्ण स्यमन्तकमणि चोरी की कथा सुनने से दोष दूर होता है। चन्द्रास्त पश्चिम में रात सवा आठ बजे (देशान्तर भेद से कुछ अन्तर रहेगा।)

आकाश दर्शन और मौसम गणेश चतुर्थी का चन्द्रमा सोमवार 14 सितम्बर को सूर्यास्त होने के पहले से पश्चिम में दिख रहा है यह रात्रि सवा आठ बजे से कुछ पहले अस्त हो रहा है। स्थान भेद से कुछ मिनिटों का अन्तर रहेगा। 14 सितम्बर की गणेश चतुर्थी को चन्द्र दर्शन शास्त्रों के अनुसार मना है। **शुक्र ग्रह** रात 8.10 बजे तक पश्चिम में दिख रहा है। **मंगल ग्रह** रात डेढ़ बजे पूरब में उदित। सुबह दक्षिण में। **गुरु ग्रह** सुबह साढ़े तीन बजे पूरब में उदित। शनि ग्रह रात पौने आठ बजे से पूरब में उदित रात दो बजे दक्षिण में और सुबह दक्षिण पूरब में अस्त। आकाश निर्मल होने पर ही ग्रह दृश्यमान। **मौसम:** बुध का उदय सप्ताहारम्भ से ही व्यापक क्षेत्रों में अधिकतर तेज वर्षा कारक है।

व्यापार भविष्य शुक्र रात त्रिकोण, बुध मंगल त्रिदेकादश योग शेयरों में जनरल तेजी का संकेतक है। ऑटो, आई.टी., मैटल में अधिकतर तेजी संभव है। हैवी मशीनरी, फर्टिलाइजर्स रिफाइनरी में घटबढ़ से मन्दी का संकेत है।

मेष- इस सप्ताह का गुरु चन्द्र योग आपका सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ाएगा। घर में उत्सव आदि आयोजन या प्रसन्नता के प्रसंग भी संभावित है। रसोई में नए उपकरणों की वृद्धि भी शीघ ही हो सकती है। रविवार को मार्ग में सावधानी रखें। सप्ताहांत स्वजनों के व्यवहार से आन्तरिक क्लेश हो सकता है। नए कार्यों में आ रही बाधा का असर सप्ताहांत तक दूर हो जाएगा। सोम, मंगल, बुध, शुक्रवार उत्तम व व्यापारिक लाभदायक है।

वृष- इस सप्ताह खासकर शुरू में आपको बहुत समय से प्रतीक्षित खबर मिल सकती है। विद्वान व्यक्तियों से भेंटवार्ता भी संभावित है। बौद्धिक कार्यों में अच्छी प्रगति इस सप्ताह हो सकेगी तथा आप के रुके कार्य एवं चर्चा इत्यादि आगे बढ़ाने में दूसरों से सहयोग भी मिलेगा। गुरूवार को चन्द्र केतु योग कुछ क्लेश दे सकता है। अतएव मतभेद से बचें। बुध का बुद्धि स्थान पर से संचार इस तथा अगले दो-तीन सप्ताह में बौद्धिक व्यापारिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि कराने वाला है। व्यापार लाभ की दृष्टि से पूरा सप्ताह अनुकूल है।

मिथुन- आपकी राशि के स्वामी बुध ग्रह का उच्च का होकर संचार शुरू होने से आपकी बौद्धिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, आप एक से अधिक जिम्मेदारी को एक साथ पूरा करने में सफल होंगे। संचार संवाद के नए साधनों की प्राप्ति भी निकट भविष्य में हो सकती है। रविवार को मन तनाव ग्रस्त रह सकता जबकि शनिवार को कामकाज में विलंब हो सकता है। सप्ताह के शेष दिन आपके अधिकतर अनुकूल रहेंगे सप्ताह के शुरू में भेंट उपहार मिलने का तथा किसी आनंद दायक आयोजन में शामिल होने का या आयोजन करने का अवसर भी मिलेगा।

कर्क- आपकी राशि पर गुरु और चंद्र का योग इस सप्ताह के शुरू में हो रहा है, यह आपको कई क्षेत्रों में प्रसन्नता और सफलता के समाचार दे सकता है। आपकी व्यापारिक स्थिति के अनुसार आपके लाभ में अच्छी वृद्धि होगी। आपको सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी अच्छा सम्मान प्राप्त होगा तथा निकट भविष्य में पद प्राप्ति का संकेत भी मिल सकता है। रविवार को अपव्यय हो सकते हैं इस तरफ ध्यान दें। सप्ताह के अधिकतर दिन आपको अनुकूल और व्यापार रोजगार में लाभदायक हैं। सप्ताह के आखिर में नए मित्र बन सकते हैं या जरूरी लघु यात्रा हो सकती है।

सिंह- आपकी आमदनी में अस्थाई रूप से बढ़ोतरी होने का ग्रह संकेत है, अपने कामकाज के क्षेत्र के अनुसार इसका फल आपको अनुभव में आएगा। सप्ताह के शुरू में परोपकारी कार्यों में, धार्मिक कार्यों में खर्च होने का तथा यात्रा भ्रमण होने का योग है। आपको अपने किसी पुराने काम में अच्छी सफलता मिलेगी। सप्ताह के आखिर में आपको अपनी वाणी के कौशल से दूसरों को अपने पक्ष में करने में भी कामयाबी मिल सकती है। व्यापार रोजगार में लाभ के विचार से सोम मंगलवार के अलावा शेष दिन अधिकतर आपको माफिक रहेंगे।

कन्या- आपकी राशि के स्वामी बुध ग्रह का आपकी राशि पर से संचार आरंभ हो गया है, बुध का बृहस्पति से शुभ मैत्री पूर्ण योग भी निरंतर इस माह में बना रहेगा इसलिए आपको अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा तथा प्रभावशाली व्यक्तियों से अपने व्यापार रोजगार में अच्छी मदद भी मिल सकती है। सप्ताह के शुरू में निर्धारित कामकाज में परिवर्तन हो सकते हैं। सप्ताह में मन को प्रसन्न करने वाले एक से अधिक प्रसंग भी हो सकते हैं। गुरु शुक्रवार परिश्रम और खर्च वाले रह सकते हैं। शेष सप्ताह अधिकतर अनुकूल और लाभदायक है।

तुला- आपकी राशि के स्वामी शुक्र ग्रह का आपकी राशि पर से ही संचार आरंभ हो चुका है, इसका बृहस्पति से भी शुभ योग इस मास में निरंतर बना रहेगा। इस कारण आपको अपने कामकाज में अधिकतर अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी कोई महत्वाकांक्षी योजना को भी समर्थन मिल सकेगा। सप्ताह के शुरू में स्वास्थ्य कष्ट का संकेत है। सप्ताह मध्य प्रसन्नता के कई प्रसंग हो सकते हैं। जबकि सप्ताह के आखिर में आंतरिक मध्य भेद निकट के व्यक्तियों से हो सकता है। सप्ताह के आखिर में बौद्धिक व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि का योग है। व्यापार रोजगार में लाभ के विचार से लगभग पूरा सप्ताह आपको माफिक रह सकता है।

वृश्चिक- आपकी राशि से गुरु और बुध ग्रह का शुभ त्रिरेकादश योग आपको व्यापारिक क्षेत्र में अच्छी सफलता देगा तथा बौद्धिक कार्यों में भी अच्छी प्रगति कराएगा। आप समय से पहले ही लक्ष्य पूरा करने में सक्षम रहेंगे। सप्ताह के शुरू में मन कुछ अशांत रह सकता है पर अच्छी खबर भी मिलेगी। भाग्यवश किसी बड़े कार्य का रास्ता भी बन सकता है। सत्ता के आखिर में नए संपर्क हो सकते हैं या नए विचार सोच सकते हैं। व्यापार रोजगार में लाभ के विचार से पूरा सप्ताह आपको माफिक रहेगा।

धनु- आपकी राशि से राज्य और कर्म स्थान का स्वामी बुध का संचार राज स्थान पर से ही शुरू हो गया है इसलिए आपको इन क्षेत्रों में अच्छी सफलता मिलेगी तथा आप अपनी सूझबूझ से भी स्थिति का अच्छा लाभ उठा सकेंगे। आपको एक साथ कई कार्यों को पूरा करने का तनाव भी बना रह सकता है। सप्ताह के शुरू में रुका हुआ लाभ मिल सकता है। सफलता और लाभ के विचार से सोम मंगल शुक्र शनिवार अधिक अनुकूल हैं।

मकर- आपकी राशि से भाग्य स्थान का स्वामी बुध ग्रह है, यह बुध ग्रह अपने भाग्य स्थान पर से ही संचार आरंभ कर रहा है इसलिए आने वाले तीन चार सप्ताह में आपको कई क्षेत्रों में सहयोग मिलेगा और कम मेहनत से अच्छी सफलता और लाभ की प्राप्ति भी हो सकेगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की उन्नति से जुड़े समाचार भी आपको मिल सकते हैं। उपयोगी यात्रा प्रवास होने का या संवाद होने का योग भी प्रबल है। बुध गुरुवार के अलावा शेष सप्ताह आपको अधिकतर अनुकूल और व्यापार रोजगार में लाभदायक है।

कुंभ- आपको व्यापार रोजगार में रुकी हुई अपनी पुरानी लेनदारी प्राप्ति के प्रयत्न तेज कर देना चाहिए, इस सप्ताह के ग्रह योग इसके पक्ष में प्रबल हैं। कामकाज के अन्य क्षेत्र में इस सप्ताह अच्छी प्रगति होगी। आपको आर्थिक मामलों में सहायता भी मिल सकती है। बड़े कार्यों के लिए कर्ज भी आपको मिल सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से सप्ताह के आखिर में मौसम जन्य कष्ट क्लेश के संकेत है इसलिए सावधानी से दिनचर्या नियमित बनाए रखें। लाभ और सफलता के विचार से रविवार सोमवार मंगलवार और गुरुवार उत्तम दिन रहेंगे।

मीन- किसी निकट संबंधी की ओर से चली आ रही समस्या का समाधान होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार रोजगार में थोड़ी अवधि के लाभदायक लेनदेन भी हो सकते हैं। आपको एक से अधिक स्थानों का थोड़े समय के लिए यात्रा भ्रमण करने का अवसर इस और अगले सप्ताह मिल सकता है। बौद्धिक कार्यों में आप अच्छी योग्यता का परिचय देंगे एवं धर्म कर्म में भी रुचि बढ़ेगी। आपका व्यापारिक अनुमान सफल होने से आपको अच्छा लाभ होगा संतान पक्ष की ओर से भी प्रसन्नता का प्रश्न होने का संकेत है। कारोबारी लाभ के विचार से लगभग पूरा सप्ताह आपके अनुकूल है।

नीतीश के राजनीतिक स्ट्रोक के सामने भाजपा का चक्रव्यूह

नीतीश कुमार की विरासत निशांत के पक्ष में राजनीतिक पूंजी बनती है, तो आने वाले समय में उन्हें मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में आगे बढ़ाने की मांग तेज हो सकती है।



डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

बिहार की राजनीति में सत्ता का हस्तांतरण जितना दिखाई देता है, उसके पीछे की राजनीतिक बिसात उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती है। मौजूदा घटनाक्रम को इसी नजरिए से देखें तो सवाल उठता है–क्या नीतीश कुमार ने सत्ता छोड़ी है या फिर सत्ता से दूरी बनाकर अपने अगले राजनीतिक दौर की जमीन तैयार की है?भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह के नेतृत्व में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिशों की चर्चा चुनाव से पहले ही राजनीतिक गलियारों में थी, यदि यह भाजपा की रणनीति थी, तो नीतीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता के लिए इसका जवाब केवल सत्ता बचाना नहीं, बल्कि भविष्य का राजनीतिक समीकरण तैयार करना भी हो सकता था।

इसी संदर्भ में निशांत कुमार की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता को देखा जा रहा है।

नीतीश कुमार लंबे समय तक निशांत की राजनीति में संभावित एंट्री को लेकर सार्वजनिक रूप से उत्साह नहीं दिखाते रहे। लेकिन दूसरी ओर निशांत की जदयू कार्यकताओं के बीच मौजूदगी लगातार बढ़ती गई,यदि यह प्रक्रिया योजनाबद्ध थी, तो इसका मकसद साफ हो सकता है–निशांत को पिता की घोषणा से नहीं, बल्कि कार्यकताओं की मांग और संगठन की स्वीकृति से आगे बढ़ते नेता के रूप में स्थापित करना।

यही रणनीति इस पूरे राजनीतिक खेल को दिलचस्प बनाती है।

नीतीश कुमार की सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी उनका लंबा प्रशासनिक अनुभव, विकास की राजनीति और अपेक्षाकृत साफ छवि रही है। निशांत के सामने इसी विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती होगी, यदि जदयू आने वाले समय में उन्हें नेतृत्व के चेहरे के रूप में पेश करता है, तो उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि वे केवल नीतीश कुमार के पुत्र के रूप में नहीं, बल्कि अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान के साथ सामने आयें,दूसरी तरफ सत्ता की जिम्मेदारी भाजपा के पास आने का राजनीतिक असर भी महत्वपूर्ण हो सकता है। सरकार के प्रदर्शन को लेकर यदि जनता में असंतोष पैदा होता है, तो उसका सीधा राजनीतिक भार सत्तारूढ़ भाजपा पर पड़ेगा, ऐसी स्थिति में जदयू के पास नीतीश कुमार के शासन मॉडल और भविष्य के युवा नेतृत्व को भाजपा के विकल्प के रूप में पेश करने का अवसर होगा।

यहीं नीतीश कुमार की संभावित रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू दिखाई देता है।

सत्ता से हटने के बावजूद यदि उन्होंने राजनीतिक नैरेटिव अपने पक्ष में बनाए रखा, तो भाजपा सरकार के प्रदर्शन की जिम्मेदारी उठायेगी और जदयू अपने पुराने शासन की तुलना उसके साथ करेगा, यानी मुख्यमंत्री पद हाथ से जाने के बाद भी राजनीतिक लाभ की संभावना नीतीश कुमार के लिए बनी रह सकती है।

फिलहाल असली मुकाबला किसी एक व्यक्ति के खिलाफ दूसरे व्यक्ति का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव का है।

भाजपा के सामने चुनौती है कि सत्ता में रहते हुए वह शासन की विश्वसनीयता बनाये रखे। जदयू के सामने चुनौती है कि वह नीतीश कुमार की विरासत को नई पीढ़ी के नेतृत्व से जोड़ सके और निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि वे पारिवारिक पहचान से आगे बढ़कर अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता साबित करें,अगर जदयू के भीतर निशांत को लेकर मांग मजबूत होती है और नीतीश कुमार की विरासत उनके पक्ष में राजनीतिक पूंजी बनती है, तो आने वाले समय में उन्हें मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में आगे बढ़ाने की मांग तेज हो सकती है,तब आज के घटनाक्रम को महज सत्ता परिवर्तन के रूप में देखना मुश्किल होगा।सवाल यह होगा कि नीतीश कुमार ने सत्ता छोड़ी क्यों नहीं, बल्कि सत्ता से हटकर भविष्य की सत्ता के लिए क्या तैयार किया?

बिहार की सियासत में फिलहाल यही सबसे बड़ा सवाल है।

अमित शाह की रणनीतिक राजनीति और नीतीश कुमार के राजनीतिक अनुभव के बीच जारी यह मुकाबला अभी खत्म नहीं हुआ है। चक्रव्यूह किसने रचा और उसे किसने तोड़ा–इसका फैसला इतिहास करेगा। लेकिन इतना तय है कि बिहार की राजनीतिक बिसात पर अगली चाल अब पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाली है।

कॅरियर की अंधी दौड़ में हांफती युवा पीढ़ी!

भारत युवाओं का देश है। जाहिर है ऐसे देश की चिंताएं बहुत अलग होती हैं। उसकी ज्यादातर आबादी को शिक्षा, रोजगार और सुंदर जीवन की कामना होती है। उनकी महत्वाकाक्षाएं, अवसरों की होड़ और दौड़। पाने की खुशी और न मिलने का आक्रोश सब साझा होते हैं। करियर में सफल होने, जल्दी और ज्यादा पाने की कामनाएं इस दौर का मूल्य हैं। ऐसे में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को गहरी चुनौती है। संकट के बादल गहरे हैं। समाधान के सूत्र न्यूनतम। सरकारों में नौकरियों के दरवाजे सिकुड़ रहे हैं। ज्यादातर नौकरियां निजी क्षेत्रों में ही हैं। नौ से पांच बजे की पक्की नौकरियां अब स्वप्न ही हैं। उनकी जगह गिग इकोनामी (फ्री लांस, कांट्रैक्ट वर्क) ने ले ली है। आर्थिक स्वतंत्रता की तो छोड़िए यह माडल भविष्य की अनिश्चितता और वित्तीय अस्थिरता भी ला रहा है, जिसके नाते बढ़ता मानसिक तनाव और अवसाद संकट को गहरा कर रहा है। हिंदुस्तान अलग तरह से चलता रहा है। परिवार इसकी प्राणवायु रहे हैं। परिवार का कोई एक आदमी नौकरी पर रहता था, शेष अपने घर-इलाके-गांव में बैठकर स्थानीय स्तर पर जो कर सकते थे करते थे। परिवार की छाया में सुरक्षा थी, संरक्षण था, बच्चों को संस्कारित करने के पारिवारिक उपक्रम थे। नई व्यवस्था ने एक परिवार में कई परिवार खड़े कर दिए हैं। इससे एक की जगह अब चार परिवार, चार चूल्हे और चार व्यवस्थाएं खड़ी करनी पड़ रही है। आप कितना भी कमा रहे हैं वह कम ही है। इसने नई पीढ़ी को ईएमआई के दुष्चक्र में फंसा कर नई व्यवस्थाओं का गुलाम बना दिया है। परिवार व्यवस्था भारत की संस्कृति का आधार रही है। वह संस्कारशाला भी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने हमारे सामने नई चुनौतियां पेश की हैं। वे बेहतर सहायक से ज्यादा तनाव के वाहक हैं। युवाओं में एआई के कारण नौकरियां जाने और खुद के अप्रासंगिक हो जाने का भय बैठ गया है। वे इस पूरे दृश्य को बहुत चिंता से देख रहे हैं। री-स्किलिंग का दबाव उन्हें गहरे भय में डाल रहा है। इससे मानसिक थकान होना स्वाभाविक ही है। इस समय सबसे बड़ी चिंता कार्य और जीवन संतुलन की है। वर्क फ्राम होम और डिजिटल कनेक्टिविटी ने सारा कुछ बदलकर रख दिया है। काम के घंटे अब प्रायः 24 घंटे ही हैं।

हिन्दी दैनिक
लोकल सत्ता
खबर वही जो असर दिखाये

[दलीप ट्रॉफी] मोहम्मद शमी खेलेंगे 100वां प्रथम श्रेणी

ईशान किशन को तेज गेंदबाज शमी के भारतीय टीम में वापसी का भरोसा

■ नई दिल्ली

भारतीय टीम अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी को लेकर फिर चर्चा तेज हो गई है। ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन ने 5 सितंबर शनिवार को कहा कि, अपना 100वां प्रथम श्रेणी मैच खेलने के लिए तैयार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अंदर अभी भी पहले की तरह जोश बरकरार है। वह भारतीय टीम में वापसी के लिए प्रतिबद्ध नजर आते हैं। शमी ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में पांच विकेट लेकर पूर्वी क्षेत्र को 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में उसका सामना साउथ जोन से होगा।

ईशान किशन ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। वह इस खेल के दिग्गज हैं। जब से उन्होंने बंगाल के लिए खेलना शुरू किया है, तब से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। वह विकेट लेते रहे हैं। वह अपना सब कुछ झोंक देते हैं। उन्होंने भारतीय टीम की तरफ से भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।'

100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेलेंगे शमी : दलीप ट्रॉफी का फाइनल मोहम्मद शमी के करियर के लिए बेहद खास होने वाला है। यह उनके फर्स्ट-क्लास करियर का 100वां मुकाबला होगा। लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के साथ घरेलू क्रिकेट में भी शमी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। फाइनल से पहले उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक शमी 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 382 विकेट ले चुके हैं। 100 प्रथम श्रेणी मैच खेलना किसी तेज गेंदबाज के लिए बड़ी उपलब्धि है। तेज गेंदबाजी में शरीर पर लगातार दबाव पड़ता है और लंबे समय तक फिटनेस बनाए रखना आसान नहीं होता। ऐसे में शमी का इस मुकाम तक पहुंचना उनके लंबे क्रिकेट करियर और निरंतरता को दिखाता है।



अभी भी भारत के लिए खेलने की भूख'

ईशान किशन कहा कि शमी जिस तरह अभ्यास करते हैं और मैच में पूरी ऊर्जा के साथ गेंदबाजी करते हैं उससे साफ नजर आता है कि उनमें अभी भी भारत के लिए खेलने की भूख मौजूद है। किशन के मुताबिक उम्र को लेकर बहुत ज्यादा चर्चा करने की जरूरत नहीं है। अगर खिलाड़ी फिट है, मेहनत कर रहा है और मैदान पर प्रदर्शन कर रहा है तो उसे अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिलता रहना चाहिए।

दलीप ट्रॉफी में दिखा रहे दम



मोहम्मद शमी भारतीय टीम से बाहर रहने के बावजूद घरेलू क्रिकेट में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए उन्होंने दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। उनकी गेंदबाजी ने सेंट्रल जोन को दबाव में डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईस्ट जोन ने सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में शमी के अलावा कप्तान ईशान किशन ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। अब फाइनल में ईस्ट जोन का सामना मजबूत साउथ जोन से होना है और एक बार फिर सभी की नजरें शमी की गेंदबाजी पर रहेंगी।

वापसी में उम्र बनेगी सबसे बड़ी चुनौती?

36 साल की उम्र में किसी तेज गेंदबाज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी आसान नहीं होती। तेज गेंदबाजी में फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण होती है। गेंदबाज को लगातार रन-अप लेना पड़ता है और लंबे स्पेल डालने होते हैं। खासकर टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में कई ओवर गेंदबाजी करनी पड़ सकती है। यही कारण है कि चयनकर्ता अनुभवी तेज गेंदबाजों की फिटनेस और वर्कलोड पर विशेष नजर रखते हैं। लेकिन ईशान किशन का मानना है कि केवल उम्र देखकर शमी को नजरअंदाज करना सही पैमाना नहीं होगा। अगर वह फिट हैं और लगातार विकेट ले रहे हैं तो प्रदर्शन को महत्व मिलना चाहिए।

जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट

भारत ने इंडोनेशिया को 14-0 से रौंदा प्रभदीप सिंह ने दागे पांच गोल



एजेंसी ■ मोकी

शनिवार को जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पूल-ए के अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने इंडोनेशिया पर 14-0 की जबरदस्त जीत के साथ शानदार शुरुआत की। इस मैच में प्रभदीप सिंह ने पांच गोल दागे।

कप्तान अनमोल एक्का, प्रभदीप सिंह और अजीत यादव ने मिलकर 12 गोल किए और पांच बार की चैंपियन टीम ने अपने खिताब के बचाव की शानदार शुरुआत की। प्रभदीप दिन के सबसे सफल स्कोरर रहे, उन्होंने पांच गोल किए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड जीता। कप्तान अनमोल ने चार गोल किए और यादव ने हैट्रिक लगाते हुए तीन गोल किए। हरपाल और आशु मौर्य ने बाकी दो गोल किए, जबकि

भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया



भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां अपने शुरुआती मैच में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप में अपने खिताब की रक्षा की शानदार शुरुआत की।

डिफेंडिंग चैंपियन, जिन्होंने महिला जूनियर एशिया कप के पिछले दो संस्करण जीते हैं, ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ संयमित और दबदबे वाला खेल दिखाया। भारत के लिए सानिका चंद्रकांत माने, पूर्णिमा यादव, पूजा साहू और मधु सिदार ने गोल किए।



मानव सुतार ने इंग्लैंड में दिखाया दम, झटके 7 विकेट

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर मानव सुतार इन दिनों इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन में खेल रहे हैं। मानव सुतार वहां वारविकशायर टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हैम्पशायर टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। मानव सुतार की शानदार गेंदबाजी और रॉब येट्स की शतकीय पारी के दम पर वारविकशायर ने हैम्पशायर को पारी और 129 रन से हरा दिया।

हैम्पशायर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद वारविकशायर ने पहली पारी में 398 रन बनाए और इसके जवाब में हैम्पशायर की टीम पहली पारी में 115 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में वारविकशायर को 283 रन की लीड मिली, लेकिन इस टीम ने हैम्पशायर को फॉलोऑन दे दिया और फिर दूसरी पारी में हैम्पशायर की टीम 154 रन पर आउट हो गई।

सुतार ने दो पारियों में झटके 7 विकेट-इस मैच में वारविकशायर के लिए खेल रहे मानव सुतार ने दोनों पारियों में शानदार गेंदबाजी की और कुल 7 विकेट झटके। पहली पारी में मानव ने 16 ओवर में 42 रन देकर 3 विकेट लिए और दूसरी पारी में मानव 23.3 ओवर में 52 रन देकर 4 विकेट लिए।

सैम ने रचा इतिहास, 100 किमी दौड़कर फेंकी गेंद



■ नई दिल्ली

इंग्लैंड के सैम बोडोआनो ने क्रिकेट की दुनिया में एक बेहद अनोखा कारनामा किया है। उन्होंने गेंद फेंकने से पहले करीब 100 किलोमीटर तक दौड़ लगाई और इसके बाद गेंदबाजी की। सैम ने यह चुनौती करीब 14 घंटे में पूरी की। उन्होंने अपने इस प्रयास को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है।

सैम ने यह चुनौती सिर्फ रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं, बल्कि कैंसर से जूझ रहे मरीजों की मदद के लिए भी पूरी की। उन्होंने इस अभियान से करीब 6,000 पाउंड यानी लगभग 7.65 लाख रुपए जुटाए हैं। यह राशि पूर्व इंग्लिश कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस की दिवंगत पत्नी रूथ की याद में बनाए गए द रूथ स्ट्रॉस फाउंडेशन को दी जाएगी।

14 घंटे में पूरी हुई दौड़ : सैम बोडोआनो ने 29-30 अगस्त की रात लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम से अपने रनअप पर दौड़ना शुरू किया। वह क्रिकेट की सफेद ड्रेस पहने हुए थे। यहां से उन्हें करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित सरे के वोकिंग स्थित वैली एंड क्रिकेट क्लब पहुंचकर गेंद फेंकनी थी। उन्होंने यह दौड़ करीब

24 किमी दौड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

बोडोआनो ने 2024 में बने टॉम डन के 24 किमी दौड़ के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्डरिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए सैम ने आवेदन कर दिया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के नियमों के अनुसार, बोडोआनो के प्रयास की अब औपचारिक सत्यापन प्रक्रिया होगी। इसके बाद ही इसे आधिकारिक तौर पर मान्यता दी जाएगी। इसमें करीब दो सप्ताह का समय लगता है।

यूएस ओपन : सबालेंका, मेदवेदेव, सितसिपास, पेगुला, नवारो एवं कलिनस्काया अगले दौर में पहुंचे


अल्काराज चौथे दौर में, टॉमी पॉल से होगा अगला मुकाबला

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

यूएस ओपन 2026 में, जोरदार शॉट लगाने वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कार्लोस अल्काराज के लिए मुकाबला आसान नहीं था। फिर भी, डिफेंडिंग चैंपियन ने निडर और जोखिम भरे खेल वाले वू यिबिंग के दबाव का डटकर सामना किया और आखिरकार 6-3, 6-4, 6-1 से शानदार जीत हासिल कर हार्ड-कोर्ट मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई। अल्काराज का अगला मुकाबला अपने टाइटल डिफेंस (खिताब बचाने की कोशिश) के तहत टॉमी पॉल से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एक रोमांचक और उतार-चढ़ाव भरे मुक़ाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 3-6, 6-7(4), 6-1, 6-3 से हराया और घरेलू दर्शकों का जोश बढ़ा दिया।



राखिमोवा को हरा सबालेंका चौथे दौर में



दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी और चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने कामिला राखिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर यूएस ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। इस जीत के साथ न्यूयॉर्क में उनकी लगातार जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंच गया है और वह क्वींस में लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी टेलर टाउनसेंड से होगा, जिन्होंने 15वें सीड डायना श्नाइडर को 6-2, 6-7 (3), 6-3 से हराकर उलटफेर किया।

बालाजी-किंग पुरुष युगल के अगले राउंड में



पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके अमेरिकी साथी इवान किंग ने यूएस ओपन 2026 के पुरुष युगल के दूसरे राउंड में जगह बनाई। बालाजी और किंग ने दूसरे और तीसरे सेट के दौरान छह मैच पॉइंट बचाए और नीदरलैंड्स की जोड़ी सैंडर एरेन्ड्स और डेविड पेल को 3-6, 7(9)-6(7), 7(12)-6(10) से हराया। यह मैच दो घंटे 56 मिनट तक चला। बालाजी और किंग का सामना दूसरे राउंड में मोनाको के ह्यूगो निस और फ्रांस के एडवर्ड रोजर-वेसेलिन से होगा।

वीनस और सेरेना विलियम्स पहले दौर में हारीं



यूएस ओपन में 44 साल की सेरेना और 46 साल की वीनस विलियम्स की जोड़ी की वापसी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए करीब तीन घंटे दो मिनट लंबे मुकाबले में 14वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट और हाओ-चिंग चान ने विलियम्स बहनों को 6-3, 6-7(6), 10-7 से हराया। तीन सेट में मैच हारने के बाद, विलियम्स बहनों ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक खेलने के बाद गर्व के साथ कोर्ट छोड़ा। वे निराश तो थीं, लेकिन अलग-अलग पीढ़ियों के दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में अपने खेल से संतुष्ट भी थीं।

सितसिपास ने लेहेका को हराया



स्टेफानोस सितसिपास ने भी धीमी शुरुआत से उबरते हुए चेक गणराज्य के 18वें सीड जिरी लेहेका को 2-6, 6-1, 7-6 (3), 6-1 से हराया और पहली बार यूएस ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई।

मेदवेदेव ने रिंडरकनेच को हराया




रूस के सातवें सीड दानिल मेदवेदेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका मुकाबला 11वें सीड अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो से होगा, जिन्होंने मोनाको के वैलेन्टिन वाचेरोट को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया।

नोस्कोवा और कलिनस्काया जीते



चेक गणराज्य की छठी सीड लिंडा नोस्कोवा ने अमेरिकी एन ली को 6-2, 6-7 (6), 6-2 से हराया, और 21वीं सीड अन्ना कलिनस्काया ने यूक्रेन की नौवीं सीड एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-3 से हराया।

नवारो एवं पेगुला अगले दौर में पहुंचीं



तीसरी सीड जेसिका पेगुला ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया, जबकि अमेरिकी 26वें सीड एम्मा नवारो ने सातवीं सीड चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 7-5 से बाहर कर दिया। दोनों ने अगले दौर में जगह बनाई।

'प्रोफेसर रमेश तेंदुलकर मेमोरियल फैलोशिप' शुरू करेंगे सचिन



■ मुंबई

टीचर्स डे पर, क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने अपने पिता की प्रोफेसर, लेखक, कवि और मेंटर के तौर पर विरासत को सम्मान देते हुए 'प्रोफेसर रमेश तेंदुलकर मेमोरियल फैलोशिप' शुरू करने की घोषणा की। अपने पिता के प्रभाव को याद करते हुए, सचिन ने बताया कि कैसे उन्होंने उनकी काबिलियत को पहचाना, उन्हें अपना रास्ता खुद चुनने की आजादी दी, और उन्हें शिक्षा और मेंटरशिप की उस अहम भूमिका के बारे में बताया जो लोगों को अपनी काबिलियत को पहचानने और उसे हकीकत में बदलने में मदद करती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक अमानुल हक मदर ताहिरा प्रेस नया टोला, गंज नं0- 1, बेतिया- 845438 (बिहार) से मुद्रित कराकर अनवार मंजिल, नया टोला, गंज नं0 - 1 बेतिया- 845438 पश्चिम चंपारण (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक अमानुल हक, मोबाइल फोन न0 9835685427/9430956786 >> E-mail - localsatta@gmail.com
(इस समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। प्राप्त स्पष्टिकरण प्रकाशित किया जायेगा। प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र बेतिया न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक हैं।)